गुरुवार, 27 मार्च 2025

**मौसम**



तापमान 37 – 25
आर्द्रता 60%
सूर्योदय: 5:35 सूर्यास्त: 17:50

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : पत्थर तोड़कर भगवान बन सकते हैं तो लोग घमंड छोड़कर इंसान क्यों नहीं बनते।



कोलकाता ने राजस्थान को आठ विकेट से हराया
–पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

बैंक से कर्ज लेकर विदेश भाग गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी : वित्त मंत्री सीतारमण (पृष्ठ 7)

किसानों के विकास से ही विकसित होगा देश-प्रदेशः मुख्यमंत्री शर्मा (पृष्ठ 2)

### लोकसभा में बोले गृह मंत्री अमित शाह

# दिल्ली में तो कमल खिला अब बंगाल की बारी है 'दादा'

**नई दिल्ली :** लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को बयान दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी कमल खिल गया है। दिल्ली बच गई थी, लेकिन अब आयुष्मान भारत दिल्ली में भी आ चुका है। अपने बयान में आगे उन्होंने पश्चिम बंगाल को लेकर इशारा करते हुए कहा कि अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, और चुनाव के बाद वहां भी कमल खिलेगा और आयुष्मान भारत पश्चिम बंगाल में भी आएगा।

**त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक पर भी बोले शाह**

दिल्ली और पश्चिम बंगाल पर बोलने के बाद अमिक शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक 2025 पर अपना बयान दिया। उन्होंने लोकसभा में इस



विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि सहकारिता का क्षेत्र देश के हर परिवार को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि हर गांव में कोई न कोई सहकारी संस्था होती है, जो कृषि, ग्रामीण विकास और स्वरोजगार से जुड़ी होती है और देश की प्रगति में योगदान करती है।

**इस विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत**

अमित शाह ने त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक की खासियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस विधेयक के पारित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, स्वरोजगार और लघु उद्यमिता का विकास होगा। साथ ही सामाजिक समावेश बढ़ेगा और नवाचार और अनुसंधान के नए अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय का नामकरण इस आधार पर किया गया है क्योंकि यह सहकारिता के एक ऐसे मॉडल पर आधारित है, जिसने पूरी दुनिया को चकित किया। उनका कहना था कि यह नाम एक ऐसे व्यक्ति के सिद्धांतों पर आधारित है, जिन्होंने गांधी जी के सिद्धांतों को अपनाया और ईमानदारी से सहकारिता के सिद्धांतों को जीवन में उतारा।

# मैने बंगाल में बंद की संस्कृति को बंद कर दिया है : ममता बनर्जी

**■ आज ऑक्सफोर्ड में मुख्यमंत्री का संबोधन, हाउसफुल हुआ ऑडिटोरियम**

**लंदन/कोलकाता :** विदेश सफर पर अपने देश से लंदन गई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जहां बंगाल में उद्योग के फलने फुलने के माहौल पर अपने बातों से मुहर लगाई। वहीं, भारतीय उद्योगपतियों ने बंगाल में व्यवसाय व उद्योग के माहौल पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भरोसे से पुलकित भारतीय उद्योगपतियों ने भी अन्य उद्योगपतियों से आग्रह किया कि आइए और बंगाल में निवेश कीजिए, आपको कई पछतावा नहीं होगा। वहीं, बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार के पदाधिकारी व ब्रिटिश सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक शुरू हुई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैने बंगाल में बंद की संस्कृति को बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री ने वाममोर्चा के दौर को याद किया। इधर, बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्लियामेंट स्कायर परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा देखकर चलना बंद कर दिया। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि मै इन्हें थोड़ा से प्रणाम करना चाहती हूं। तभी, मुख्यमंत्री को एहसास हुआ कि अरे, हमारे पास तो फूल नहीं है। अगर मुझे पहले पता होता कि यहां बापूजी की प्रतिमा है तो मैं कुछ फूल ले आती। तभी मुख्यमंत्री के सुरक्षा कर्मी कुसुम कुमार द्विवेदी ने मूर्ति के बगल में स्थित छोटे से बगीचे से कुछ फूल तोड़ लिए। ममता ने अपनी चप्पलें उतारीं और प्रतिमा के चरणों में उक्त फूल चढ़ाएं। फिर, उन्होंने गांधीजी की प्रतिमा के सामने हाथ जोड़कर कहा कि बापू, हमारे संविधान की रक्षा करो। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ सौरव की पत्नी डोना गांगुली भी नजर आईं।



लंदन में महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

# आयकर अधिकारी बनकर सीआईएसएफ अधिकारियों ने चिनार पार्क में प्रमोटर के घर पर की लूटपाट, सात गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** चिनार पार्क इलाके में फर्जी आयकर अधिकारियों ने फिल्मी अंदाज में लूट की वारदात को अंजाम दिया कि पुलिस वाले भी हैरान है। लेकिन जब पुलिस ने जांच किया तो पता चला कि फर्जी आयकर अधिकारियों में असली सीआईएसएफ, पुलिस वाले शामिल हैं। कई फर्जी अधिकारी चिनार पार्क इलाके में एक प्रमोटर के घर पर आयकर अधिकारी बनकर पहुंचे। जिनमें फर्जी सशस्त्र सीमा बल (सीआईएसएफ) के एक इंस्पेक्टर और चार कांस्टेबलों सहित आयकर अधिकारी यानी कुल सात लोगों की एक फर्जी टीम ने 30 लाख रुपये नकद और सोने के गहने लूट लिए। हलांकि, यह अलग बात है कि पुलिस ने सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 18 मार्च की रात करीब दो बजे की है। चिनार पार्क इलाके में स्थित एक मृत प्रमोटर के घर में नकली आयकर अधिकारी बनकर कुछ लोग पहुंचे। उन्होंने दरवाजे की घंटी बजाई, और जैसे ही घरवालों ने दरवाजा खोला, आरोपित अंदर घुस गए। सबसे पहले, उन्होंने परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल फोन छीन लिए और फिर प्रमोटर की मां के कमरे में घुसकर सर्च के बहाने लूटपाट की। आरोप है कि उन्होंने तीन लाख रुपये नकद और 20 तोला सोना लूट लिया। हालांकि, आरोपियों ने प्रमोटर की सौतेली मां आरती सिंह के कमरे में जाने के बावजूद वहां से कुछ नहीं लिया। लेकिन, उन्होंने जबरदस्ती उनसे एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर करवा लिए। इस घटना के बाद, मृत प्रमोटर की बेटी ने बागुईआटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपितों द्वारा इस्तेमाल की गई गाड़ी की पहचान की और उसके चालक दीपक राणा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तभी इस पूरी साजिश का खुलासा हुआ और सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में फरक्का बांध में तैनात सीआईएसएफ इंस्पेक्टर अमित कुमार सिंह, आरजीकर अस्पताल की महिला कांस्टेबल लक्ष्मी कुमारी, कांस्टेबल बिमल थापा, हेड कांस्टेबल रामू सरोज और कांस्टेबल जनार्दन साव शामिल हैं। इसके अलावा, प्रमोटर की दूसरी पत्नी और गाड़ी के चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को जांच में पता चला है कि आरोपितों ने पूरी योजना पहले से बना रखी थी और उन्होंने नकली आयकर अधिकारी बनकर इस घटना को अंजाम दिया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# नकली दवाओं के कारोबारी को पकड़ने ड्रग कंट्रोल का बड़ाबाजार में छापा

**■ लगभग 20 लाख रुपये की नकली दवाइयां बरामद**

**कोलकाता :** नकली दवाओं के कारोबारियों को पकड़ने के लिए राज्य ड्रग कंट्रोल विभाग ने बड़ाबाजार के थोक बाजार में छापा मारा। इस अभियान में लगभग 20 लाख रुपये की दवाइयां बरामद की गईं। ये सभी नकली दवाएं जब्त कर ली गई हैं। प्रेशर, शुगर, एंटासिड से लेकर एंटीबायोटिक तक – असली दवाओं के साथ मिलाकर 30 प्रतिशत तक नकली दवाएं बेची जा रही थीं। जब्त की गई दवाओं को जांच के लिए भेजा गया है। ड्रग कंट्रोल विभाग ने 6 टीमों में बंटकर यह कार्रवाई की। कुल 19 ड्रग इंस्पेक्टर इस अभियान में शामिल थे। राज्य ड्रग कंट्रोल के अधिकारियों की छापेमारी में जो जानकारी सामने आई, उसमें यह पाया गया कि विभिन्न प्रसिद्ध कंपनियों की दवाओं को नकली बनाया जा रहा है। दवा के डिब्बे में असली दवाओं के साथ 'नकली' दवाएं मिला दी जा रही थीं। जांचकर्ताओं को भ्रमित करने के लिए 70:30 के अनुपात में दवाओं की मिलावट की जा रही थी। यानी एक बॉक्स में अगर 10 स्ट्रिप होती थीं, तो 7 असली और 3 नकली रखे जाते थे। राज्य ड्रग कंट्रोल के अधिकारी एक साथ राज्य के चार दवा कारखानों में भी छापेमारी करने पहुंचे। मिहता बिल्डिंग, गिरिया ट्रेड सेंटर, गांधी मार्केट और बागरी मार्केट में दिनभर तलाशी अभियान चला। इस छापेमारी से राज्य भर में नकली दवाओं के धंधे को लेकर हड़कंप मच गया है। ड्रग कंट्रोल विभाग ने बताया कि मामले की जांच तेजी से चल रही है और जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिकी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसी रॉ पर बैन की मांग

**■ भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- ये रिपोर्ट पक्षपाती ओैर राजनीति से प्रेरित**

**नई दिल्ली :** भारत सरकार ने देश में धार्मिक स्वतंत्रता और सीक्रेट एजेंसी रॉ पर बैन की मांग करने वाली अमेरिकी सरकार की अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। भारत ने इसे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताया। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि यूएससीआईआरएफ लगातार अलग-अलग घटनाओं को गलत तरीके से पेश करता है और भारत के विविधतापूर्ण समाज को कमजोर करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस आयोग को खुद को चिंता का विषय संस्था घोषित कर देना चाहिए। भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित करने की मांग यूएससीआईआरएफ ने अपनी 2025 की रिपोर्ट में कहा था कि भारत में अल्पसंख्यकों की स्थिति बिगड़ती जा रहा है और सिख अलगाववादियों की हत्या की साजिश में कथित रूप से शामिल होने की वजह से सीक्रेट एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) पर बैन लगा दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता वाला देश घोषित करना चाहिए। रिपोर्ट का हकीकत से कोई नाता नहीं विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में 1.4 अरब लोग रहते हैं जो सभी धर्मों का पालन करते हैं। हालांकि, हमें कोई उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ भारत के बहुल-वादी समाज के सह-अस्तित्व को स्वीकार करेगा।

### भारत, चीन ने संबंधों को 'संभावित बेहतरी की ओर' ले जाने के तरीकों पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** भारत और चीन ने सीधी उड़ानें और इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने की व्यवस्था समेत भावी संबंधों को बेहतर बनाने के तरीकों पर बुधवार को विचार किया और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रयास शुरू करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक बीजिंग में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के हित और चिंता के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर गौर करने और रिश्तों को अधिक स्थिर और बेहतरी के रास्ते पर ले जाने के लिए ''चरण-दर-चरण'' तरीके से वार्ता तंत्र को बहाल करने पर भी चर्चा की। दोनों देशों के रिश्तों में 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों के बाद खटास आ गई थी। यह बैठक विदेश मंत्रालय के पूर्वी एशिया प्रभाग के संयुक्त सचिव गौरांगलाल दास और चीनी विदेश मंत्रालय के एशियाई मामलों के विभाग के महानिदेशक लियू जिनसोंग के बीच हुई।

# दूसरे देशों में बसना चाहते हैं भारत के 22 प्रतिशत 'अमीर'

**मुंबई :** देश में कम से कम 22 प्रतिशत अति धनाढ्य लोग यहां रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और अन्य देशों में कारोबार सुगमता जैसे कारणों से भारत के बारह बसना चाहते हैं। अति धनाढ्य 150 व्यक्तियों के बीच किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी 'गोल्डन वीजा' योजना के कारण उनके पसंदीदा गंतव्य हैं, जहां अमीर लोग बसना पसंद करते हैं। देश की अग्रणी संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक प्राइवेट ने परामर्श कंपनी ईवाई के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं। इसके निष्कर्षों में कहा गया, सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक अति धनाढ्य व्यक्ति वर्तमान में प्रवास की प्रक्रिया में है या प्रवास की योजना बना रहा है। उनमें से अधिकतर अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए अपनी पसंद के देश में स्थायी रूप से निवास करना चाहते हैं। इसमें कहा गया, वे जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, शिक्षा या जीवनशैली में सुधार चाहते हैं। दो-तिहाई से अधिक लोगों ने कारोबार सुगमता को भी इसकी मुख्य वजह बताया। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने प्रवास के निर्णय को ''भविष्य में निवेश'' बताते कहा कि अपने बच्चों के लिए उत्कृष्ट उच्च शिक्षा की चाहत उन्हें यह विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है। हालांकि, कोटक महिंद्रा बैंक की अध्यक्ष गौतमी गावनकर ने कहा कि स्थानांतरण के निर्णय को देश से पूंजी के बाहर जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजी के बाहर जाने की सीमा तय करने से यह सुनिश्चित होता है कि यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदलता है तो भी धन बाहर नहीं जाएगा।

### नियमों के अनुसार आचरण करें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी: बिरला

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करें तथा उनसे ऐसी अपेक्षा भी की जाती है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया कि बिरला ने राहुल गांधी के किस आचरण को लेकर यह टिप्पणी की। बिरला ने जब यह टिप्पणी की तो राहुल गांधी सदन में मौजूद थे। लोकसभा अध्यक्ष ने शून्यकाल के दौरान कहा, '' सदन के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मादपदंडों को बनाए रखें। मेरे संज्ञान में कई ऐसी घटनाएं आई हैं कि सदस्यों के आचारण सदन की उच्च परंपराओं और मापदंडो के अनुरूप नहीं हैं।''

### ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में सुधार से जुड़े कार्यकारी आदेश में भारत का उदाहरण दिया



**मुंबई :** न्यूयॉर्क : राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन के लिए अपने कार्यकारी आदेश में भारत और ब्राजील का उदाहरण देते हुए कहा कि दोनों देश मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि अमेरिका नागरिकता के लिए स्व-सत्यापन पर निर्भर है। ट्रंप द्वारा मंगलवार को हस्ताक्षरित व्यापक कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि स्वशासन की अग्रणी व्यवस्था के बावजूद, अमेरिका अभी तक दोनों देशों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा को लागू करने में विफल रहा है। आदेश के अनुसार, उदाहरण के लिए भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि अमेरिका नागरिकता के लिए बड़े पैमाने पर स्व-सत्यापन पर निर्भर है।

# महादेव सट्टा एप मामला : छत्तीसगढ़, दिल्ली, भोपाल, कोलकाता के 60 जगहों पर सीबीआई का छापा

**■ बड़े नेताओं ओैर नौंकरशाहों को दी गई थी प्रोटेक्शन मनी**

**नयी दिल्ली :** महादेव एप सट्टेबाजी घोटाले की जांच को लेकर सीबीआई ने बुधवार को छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में सहित 60 जगहों पर छापेमारी की है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, दुर्ग- भिलाई समेत 60 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की है। इसमें प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित पदुमनगर आवास और रायपुर स्थित सरकारी बंगले पर दबिश दी है। वहीं उनके राजनीतिक सलाहकार रहे विनोद वर्मा, उनके दो ओएसडी, उनकी उप सचिव रही सौम्या चौरसिया, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव के सेक्टर पांच स्थित



आवास, भिलाई में केपीएस स्कूल के संचालक निशांत त्रिपाठी, चार आईपीएस अधिकारी सहित पुलिस ऑफिसर्स के घर सीबीआई ने रेड मारी है। सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर के निवास पर भी छापा मारा है। टीम ने जिन आईपीएस के घर रेड मारी है, उनमें पुलिस महानिरीक्षक डॉ. आनंद छाबड़ा, आरिफ शेख, रायपुर के पूर्व एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, अभिषेक पल्लव शामिल हैं। इसके अलावा एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी और संजय ध्रुव के साथ टीआई गिरीश तिवारी के घर भी सीबीआई ने दबिश दी है। वहीं केपीएस स्कूल के संचालक निशांत त्रिपाठी के घर भी सीबीआई ने रेड मारी है। खबर यह भी है कि हवलदार संदीप दीक्षित और राधाकांत पांडेय के घर भी केंद्रीय जांच एजेंसी ने छापेमारी की है।

**कथित 6 हजार करोड़ के महादेव सट्टा एप घोटाले की जांच**

पूर्व में महादेव सट्टा एप के आरोप में गिरफ्तार तीनों भाई क्रमशः पुलिस आरक्षक भीम यादव, सहदेव यादव और अर्जुन यादव के घर पर भी सीबीआई ने छापा मारा है। इससे पहले ईडी की टीम ने भूपेश बघेल के भिलाई स्थित पदुम नगर आवास पर छापेमारी की थी। दबिश कथित 6 हजार करोड़ रुपये के महादेव एप घोटाले के सिलसिले में की जा रही है।

रोबोटिक टोटल
नी रिप्लेसमेंट

**डॉ संतोष कुमार कोलकाता** के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 18 वर्षों में 35 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।
डॉ संतोष कुमार कोलकाता के जानेमाने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हैं। इनके पास पिछले 18 वर्षों में 35 हजार से ज्यादा सर्जरी का अनुभव है। यह संतोषकुमार हिप एवं नी फाउंडेशन के प्रमुख हैं। इसके साथ ही वे मोमेंटम ऑर्थोकेयर और कोलकाता के बेले व्यू क्लिनिक में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के निदेशक हैं।

इनका पूर्वी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आर्थोपेडिक उपचारों को लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने साल 2013 में, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए ऑर्थोपायलट नेविगेशन प्रणाली की शुरुआत की थी। और आज पूरे पूर्वी भारत के लिए कोलकाता ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए केंद्र बन गया है। उन्होंने अब इस क्षेत्र में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए दुनिया का पहला पूरी तरह से सक्रिय और स्वचालित रोबोट पेश किया है।




**हमें रोबोट की आवश्यकता क्यों है?**

हम जानते हैं कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट महत्वपूर्ण सर्जरी है। इम्प्लांट के लिए सटीकता आवश्यक है। इंसानों की आंखें सटीक रूप से एक या दो एमएम से कम के बिंदुओं को अलग नहीं कर सकती है, लेकिन यह रोबोट उप-मिलिमीटर सटीकता पर काम करता है। यह सर्जरी के लिए योजना और अनुकूलन बनाने के लिए मदद करता है। इसके द्वारा सर्जरी से पहले ही प्रत्यारोपण के आकार और स्थिति पता की जा सकती है।

**रोबोटिक टोटल नी रिप्लेसमेंट के लाभ:**

1. यह इम्प्लांट का सही सरेखण और प्लेसमेंट देता है।
2. यह उप मिलिमीटर सटीकता के साथ सबसे अच्छा फिट देता है।
3. इसके कारण दर्द भी कम होता है।
4. बेहतर सरेखण इम्प्लांट के प्रदर्शन और उत्तरजीविता को बढ़ाता है।

रोबोट सर्जन का सहायक होता है, सर्जन नहीं। इस बात को लेकर लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सर्जिकल विशेषज्ञता और सर्जन का अनुभव बहुत ही महत्वपूर्ण है।

**रोबोट के दो प्रकार हैं:** सक्रिय और निष्क्रिय। क्यूविस एक सक्रिय और स्वचालित रोबोट है।




MOMENTUM ORTHOCARE
Dr Santosh Kumar is available for Consultation at Belle Vue Clinic, Loudon Street, Kolkata 17 (daily) and the office of Hip and Knee Foundation at Plot number 332, Lake Town block A, Kolkata-700 089. For more details Contact: 62922 50842, 98319 11584, 98312 66632.
E mail: santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org www.momentumorthocare.com

## वृद्धि में नैसर्गिक न्याय का तकाजा

सोमवार को जारी संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा एक गजट नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के वेतन, भत्तों एवं पेंशन में एक अप्रैल 2023 से बढ़ोतरी की है। अब सांसदों का वेतन एक लाख से बढ़कर 1.24 लाख रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। साथ ही दैनिक भत्ता दो हजार से ढाई हजार रुपये प्रतिदिन हो जाएगा। वहीं पूर्व सांसदों की पेंशन भी पच्चीस हजार से बढ़कर 31 हजार प्रतिमाह हो जाएगी। इसके साथ ही पांच साल से अधिक की सेवा के लिये सांसदों की अतिरिक्त पेंशन दो हजार से बढ़कर ढाई हजार रुपये हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सांसदों के वेतन व भत्तों में बदलाव अप्रैल 2018 में किया गया था। तर्क दिया जा रहा है कि माननीयों के वेतन में वृद्धि महंगाई और जीवन यापन की बढ़ती लागत के मद्देनजर की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के परिवर्तन के अनुसार सांसदों को अपने क्षेत्र में ऑफिस चलाने और लोगों से मिलने-जुलने हेतु सत्तर हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। इसके अतिरिक्त उन्हें कार्यालय के व्यय हेतु साठ हजार रुपये महीना और संसद सत्र के दौरान हर दिन दो हजार रुपये का भत्ता भी मिलता है। कहा जा रहा है कि अब इन भत्तों में भी बढ़ोतरी होगी। उल्लेखनीय है कि माननीयों को हर साल फोन व इंटरनेट हेतु भत्ता, अपने परिवार के लिये 34 फ्री डोमेस्टिक फ्लाइट, निजी यात्रा के लिये रेल में प्रथम श्रेणी में यात्रा सुविधा, सड़क मार्ग से चलने पर ईंधन का खर्च व मुफ्त बिजली – पानी की सुविधा भी मिलती है। इसके अलावा सरकारी व निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। यदि किसी रोग का भारत में पर्याप्त इलाज संभव न हो तो सरकार विशेष स्थिति में विदेश में उपचार के खर्च की अनुमति दे सकती है। साथ ही सरकारी आवास की सुविधा और यदि आवास न लें तो घर का भत्ता माननीयों को मिलता है।

वहीं सरकार की दलील है कि वेतन-भत्तों में यह 24 फीसदी की वृद्धि लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर ही की गई है। दरअसल, सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा करने का जो नियम बनाया था, उसका निर्धारण समय की महंगाई दर के आधार पर किया जाना था। निस्संदेह, लोकतंत्र के नीति-नियंताओं का जीवन विशिष्ट सुविधाओं का आकांक्षी होता है। वहीं सुख-सुविधाओं में वृद्धि तार्किकता की भी मांग करती है। यह नैसर्गिक न्याय ही होगा, यदि राजा और प्रजा के जीवन में समृद्धि की बयार समान रूप से होती है। इसमें अधिक अंतर भी न हो। किसी भी लोकतांत्रिक समाज में जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिये के नारे का यथार्थ में फलीभूत होना भी जरूरी है। अभिजात्य संस्कृति की तार्किकता लोकतंत्र की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रश्न आयकरदाता के धन के सदुपयोग व उसकी उत्पादकता का भी है। जिसके जरिये विसंगतियां दूर करने व असमानता की खाई पाटने की तार्किकता भी शामिल है। हम यह न भूलें कि महंगाई का दंश देश की आम प्रजा भी भुगत रही है। नीति-नियंताओं को उसके कष्ट दूर करने के लिये संवेदनशील ढंग से सोचना चाहिए। आम लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने के मुद्दे को भी प्राथमिक बनाया जाना चाहिए। करोड़ों लोगों को सस्ती व गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता बननी चाहिए। यह भी यक्ष प्रश्न कि देश की आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हमें अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने को क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सार्वजनिक विमर्श में यह मुद्दा भी अकसर उठता रहा है कि जिस व्यवस्था की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में करोड़पति जनप्रतिनिधियों का वर्चस्व हो, उनके लिये वेतन, भत्ते और पेंशन की तार्किकता क्या है? वहीं दूसरी ओर राजनीतिक विमर्श में नई-पुरानी पेंशन की आकांक्षा में चिंतित जनमानस को देशव्यापी एकरूपता के साथ विकल्प दिये जाने की भी जरूरत है। ताकि तेजी से उम्रदराज लोगों का देश होते भारत में करोड़ों लोगों का बुढ़ापा सुखमय हो सके। ताकि सुख, समृद्धि व सुकून राजा के घर भी हो और प्रजा के भी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 27 मार्च, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, चैत्र कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 23:00 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 24:23 तक, योग : साध्य, 09:15 तक, सूर्योदय: 5:35, सूर्यास्त: 17:50, चन्द्रोदय : 03:59, चन्द्रास्त: 15:43, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 13:13 से 14:44

## राशिफल

**मेष :** आज आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। प्रॉपर्टी में यदि आप कोई इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो आपकी वह डील अटक सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप यदि किसी काम को लेकर ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कारोबार में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों से आज उनकी एक नई पहचान बनेगी।

**कर्क :** आज का दिन मेहनत से कार्य करने के लिए रहेगा। जो लोग विदेशो से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। झगड़ालु लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें।

**कन्या :** आज का दिन आपके किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। पारिवारिक जीवन में खुशियां रहेंगी। आपको बाहर के खान-पान से परहेज रखने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। अविवाहित जातकों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आने से उनके मन में खुशियां रहेगी। आपके दांपत्य जीवन में खुशियां मिलेंगी।

**धनु :** आज का दिन दानपुण्य के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। परोपकार की भावना आपके मन में बनी रहेगी। बिजनेस में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**मकर :** मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारी से कामों को आसानी से पूरा करेंगे। आप सामाजिक कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे।

**मीन :** आज आपके लिए सुखमय रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण आपके लिए अनुकूल रहेगा। संतान पक्ष की ओर से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

# कांग्रेस और सपा उत्तर प्रदेश के विकास में बाधा : योगी




**आगरा :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए इन पर प्रदेश के विकास में बाधा बनने का आरोप लगाया। प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ साल पूरा होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 25 वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों को याद होगा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की लोक व्यवस्था पर उपद्रव और माफिया का राज था। उन्होंने जोर दिया कि यह स्थिति युवाओं, किसानों और आम लोगों के लिए विशेष रूप से गंभीर थी और इनमें से कई हतास थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट था, किसान आत्महत्या किया करते थे और गरीब भूख से मरते थे। इसके उलट, मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार में हुई प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा, यह वही राज्य है जहां युवाओं को नौकरी नहीं मिलती थी और जब वे इस प्रदेश से बाहर जाते तो उनके सामने पहचान का संकट था। विकास का विरोध करने में विपक्ष की भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की आलोचना की। योगी आदित्यनाथ ने कहा, जब उत्तर प्रदेश के गर्व की बात आती है तो ये लोग सबसे पहले भ्रामक टिप्पणियां करते हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस और सपा कोविड महामारी के दौरान इस सरकार के खिलाफ लड़ रहे थे और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से प्रसन्न नहीं थे और फिर महाकुंभ के संबंध में झूठा प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा, जब इन लोगों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को अवसर मिला तो इन्होंने कभी कोई विकास नहीं किया और जब उत्तर प्रदेश में विकास हो रहा है तो वे विकास के रास्ते बाधा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बाधाओं के बावजूद कृषि जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कभी निराशा का सामना करने वाले किसान अब राज्य के विकास में योगदान कर रहे हैं और कोई किसान आत्महत्या नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन के शासन के प्रयासों की भी सराहना की और कहा, 8.3 लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई गई हैं जिनमें 60,000 पुलिस की भर्ती शामिल है। इसमें अप्रत्याशित ढंग से 12,000 महिलाओं का चयन हुआ है। यह पहले कभी नहीं हुआ।

## वक्फ विधेयक को लेकर बिहार विधानसभा में हंगामा, सदन की कार्यवाही स्थगित



**पटना :** केंद्र की राजग सरकार द्वारा संसद में वक्फ विधेयक पेश किए जाने को लेकर विपक्षी दलों के हंगामे के चलते बुधवार को बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट में अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही सदन में हंगामा शुरू हो गया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य विधेयक के खिलाफ तख्तियां लेकर आसन के करीब आ गए। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने का आग्रह किया। हालांकि, विपक्षी सदस्य विधेयक को वापस लेने और सच्चर समिति की सिफारिशों को 'पूर्ण रूप से लागू करने' की मांग करते हुए नारे लगाते रहे। सच्चर समिति की रिपोर्ट में मुसलमानों की खराब सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डाला गया था।

### धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक : विहिप

**जयपुर :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बुधवार को कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है और न्यायालय पहले भी इस तरह के आरक्षण के प्रावधानों को खारिज कर चुके हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमितोष पारीक ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस नीत सरकार ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति और हिंदुओं को वंचित करने की नीति को दर्शाया है। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार का कदम असंवैधानिक है। उन्होंने कहा, 'उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भी मुसलमानों को आरक्षण देने को असंवैधानिक करार दिया है।'

### राजस्थान : डंपर और कार की भिड़ंत में दंपति समेत तीन लोगों की मौत, दो अन्य घायल

**जयपुर :** राजस्थान में जोधपुर जिले के शेरगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार रात सड़क हादसे में कार सवार दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि साभा गांव के पास तेज गति से आ रहे डंपर ने कार को टक्कर मार दी। कार सवार गणेश राम (32) उनकी पत्नी ममता (26) और अजय कुमार (35) की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गये। उसने बताया कि हादसे में घायल दंपति की डेढ़ वर्षीय बेटी मनस्वी और गिरधारी राम गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिये जोधपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये।

### जूस विक्रेता को मिला 7.79 करोड़ रुपये का आयकर नोटिस

**अलीगढ़ (उप्र) :** अलीगढ़ जिला अदालत परिसर में एक छोटी सी दुकान संचालित करने वाले एक जूस विक्रेता को कथित तौर पर सात करोड़ 79 लाख रुपये आयकर चुकाने का नोटिस मिला है। सराय रहमान इलाके के निवासी मोहम्मद रहीस को 18 मार्च को यह नोटिस प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें 28 मार्च तक जवाब देने को कहा गया है। रहीस ने बताया कि वह बमुश्किल 400 रुपये प्रतिदिन कमाकर अपने बीमार माता-पिता सहित पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये के नोटिस ने उन्हें बहुत परेशान कर दिया है। उन्होंने कहा, मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मैं इसका कैसे जवाब दूं।

## बिहार में वक्फ विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन, एआईएमपीएलबी ने पटना में 'महा धरना' का आयोजन किया

### तेजस्वी धरने में शामिल हुए



**पटना :** बिहार में बुधवार को वक्फ विधेयक के खिलाफ विधानसभा से लेकर सड़कों तक पर प्रदर्शन हुए। राजधानी पटना में विभिन्न राजनीतिक दलों ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के 'महा धरना' के प्रति एकजुटता व्यक्त की। एआईएमपीएलबी ने विधानसभा परिसर से महज एक किलोमीटर की दूरी पर धरना दिया, जिसमें केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार से संसद में पेश वक्फ विधेयक को वापस लेने की मांग की गई और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जैसे धर्मनिरपेक्ष नेताओं से विवादास्पद विधेयक के लिए उनके समर्थन पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव अपने बीमार पिता और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के साथ पटना में धरने के लिए निर्धारित स्थल गर्दनीबाग पहुंचे। तेजस्वी ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि उनकी रगों में लालू का खून बह रहा है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करवाकर अयोध्या रथयात्रा को बीच रास्ते में ही रोक दिया था। राजद नेता ने कहा कि उनकी पार्टी इस विधेयक का पुरजोर विरोध करेगी, क्योंकि यह असंवैधानिक, तानाशाही प्रवृत्ति का और नागपुरिया विचारधारा से प्रेरित है। तेजस्वी का इशारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तरफ था, जिसका मुख्यालय महाराष्ट्र के नागपुर में है।

## उत्तर प्रदेश: एक करोड़ रुपए का मादक पदार्थ बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी जिले के रामनगर में पुलिस ने मादक पदार्थ के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब एक करोड़ रुपए मूल्य की मारफीन बरामद की है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र में साहिल और तौसीफ नामक तस्करों को बिकनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से कुल एक किलो पांच ग्राम मारफीन बरामद की। उन्होंने बताया कि बरामद मारफीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये बतायी जाती है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे बाराबंकी और आस-पास के जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी करते थे। पुलिस आरोपियों के आपराधिक अतीत के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है।

## किसानों के विकास से ही विकसित होगा देश-प्रदेश: मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि किसानों के विकास से ही देश-प्रदेश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए कदम उठा रही है। शर्मा बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है। किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं।

## 'सौगात-ए-मोदी' के तहत दी जा रही 'ईद किट' अल्पसंख्यकों तक पहुंचने की एक बड़ी पहल: दानिश अंसारी

**लखनऊ/बरेली :** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को कहा कि आगामी ईद त्यौहार से पहले 'सौगात-ए-मोदी' के तहत वितरित की जा रही 'ईद किट' अल्पसंख्यकों तक पहुंचने की एक बड़ी पहल है। अंसारी ने मुस्लिमों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नयी पहल 'सौगात-ए-मोदी' को इस पार्टी के 'सबका साथ, सबका विकास' सिद्धांत का ठोस उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश इस पहल का सबसे बड़ा लाभार्थी होगा। 'सौगात-ए-मोदी' के तहत ईद किट वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में आया है जब राज्य संभल क्षेत्र में तनाव समेत मंदिर-मस्जिद से जुड़े विवादों का सामना कर रहा है। हाल ही में संभल में 16वीं शताब्दी की जामा मस्जिद का अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण करने के दौरान हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हुए थे। अंसारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'यह पहली बार है जब किसी सरकार ने ईद से पहले अल्पसंख्यक समुदाय खासकर पसमांदा मुस्लिमों तक पहुंचने के बारे में सोचा। यह किट पूरे राज्य में वितरित की जा रही है जिसका सबसे अधिक लाभ उप्र को होने जा रहा है।' स्वयं पसमांदा मुस्लिम और योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में एकमात्र मुस्लिम चेहरा अंसारी ने 'ईद किट' के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसे मुस्लिम समुदाय की जरूरतें पूरी करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा, इन किट में सेवईं, खजूर, सूखे मेवे और चीनी जैसी खाद्य वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा, चार मुस्लिम बहनों के लिए सलवार सूट के कपड़े और अन्य वस्तुएं शामिल हैं। किस स्तर पर यह वितरण किया जा रहा है, यह पूछे जाने पर अंसारी ने कहा कि फिलहाल सटीक संख्या उपलब्ध नहीं है, लेकिन वितरण पहले ही उत्तर प्रदेश में जारी है।

## हजारीबाग में हिंसक झड़प : 10 नामजद, 200 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज




**रांची :** झारखंड के हजारीबाग में हिंसक झड़प और पथराव की घटना के सिलसिले में 10 नामजद और 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। राज्य सरकार के एक मंत्री ने बुधवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बताया कि हजारीबाग में एक धार्मिक जुलूस के दौरान आपत्तिजनक गाना बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प हुई। उन्होंने कहा कि यह झड़प उस समय हुई, जब मंगला जुलूस पंच मंदिर चौक से झंडा चौक की ओर जा रहा था। किशोर ने भोजनावकाश के बाद सदन को बताया, जब जुलूस पास के एक चौक पर पहुंचा, तो आपत्तिजनक गाना बजाने को लेकर दो समुदायों के बीच टकराव हो गया और दोनों तरफ से पथराव किया गया। उन्होंने बताया, मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भीड़ को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों समूहों की ओर से पथराव तेज हो गया। इसके बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने और सरकारी व निजी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए हवा में दो गोलियां चलाईं। किशोर ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के बाद संवेदनशील इलाकों और मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। मंत्री ने कहा, मौके पर तैनात मजिस्ट्रेट की शिकायत के आधार पर सदर थाने में दोनों समुदाय के पांच-पांच नामजद लोगों और 200 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अधिवक्ताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी, न्यायिक कार्य ठप



**प्रयागराज :** आधिकारिक आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के संबंध में जांच का सामना कर रहे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण के खिलाफ यहां के अधिवक्ताओं की हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही जिससे न्यायिक कार्य ठप रहा। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अधिवक्ता 27 मार्च को भी हड़ताल पर रहेंगे। वहीं न्यायाधीशों से भी इस आंदोलन में अपना सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय ने कहा कि जिन अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रस्ताव और चेतावनी को ना मानते हुए और रोके जाने के बावजूद न्यायालय में जाकर न्यायिक कार्य किया है, उनकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित की जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिवक्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। स्पष्टीकरण नहीं देने वाले अधिवक्ताओं की सदस्यता समाप्त कर उच्च न्यायालय से उनके एडवोकेट रोल को निरस्त करने का आग्रह किया जाएगा।

## वर्ग पहेली नं. 3044



**बायें से दायें:-** 3) मुखिया; नेता, 6) बड़ा तंबू; मंडप; *पंडाल*, 8) जोड़ी, 10) लुकाछिपी; परदादारी; छिपाई, 11) एक मादक पदार्थ, 13) पागल; प्रसन्न; हँसता; मादक; उत्सवपूर्ण, 14) टाँका मारना, 15) तंतु, 16) किसी को कुछ दिखाकर उसके पाने के लिए अधीन करना, 18) आशीर्वाद, 20) पत्नी, 21) सबसे बड़ा 24) बारंबार, 27) सुलभता, 29) लचीला; *इलास्टिक*, 30) कुशल प्रश्न; स्वास्थ्य दशा.

**ऊपर से नीचे:-** 1) बालबच्चे, 2) दाग़; चिन्ह; *लेबल*, 3) एक फल, 4) उम्र, 5) आलेप; लेप; *प्लास्टर*, 7) कुछ माँगना, 9) अंतर्व्याप्ति; निर्गम; गोंद, 12) सब के सामने, 14) हेकड़ीबाज़; लड़बावला, 17) सेना, 19) संपत्ति, 22) विरोध, दुःख, असंतोष आदि प्रकट करने के लिए कारखानों, बाजारों तथा दूकानों का बंद होना, 23) जलसा; सभा, 24) मेघ, 25) अवरोधात्मक; विघ्नकारी, 26) नशापत्ती; एक मादक पदार्थ, 27) देवता, 28) बृहत्.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3004

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 6 | | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 1 | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 5 | 2 | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | 1 | | | | | | 4 | 5 |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | | | | | | 2 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3003 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 4 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 2 |

# रवींद्र भारती विवि में हंगामा व तनातनी जारी, भारी पुलिस बल तैनात



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित प्रतिष्ठित रवींद्र भारती विश्वविद्यालय (आरबीयू) में अशांति का माहौल बना हुआ है। बुधवार को भी जोड़ासांको परिसर में छात्रों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट के सामने सड़क जाम कर दिया और अस्थायी कुलपति शुभ्रकमल मुखर्जी के इस्तीफे की मांग तेज कर दी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गिरीश पार्क थाना पुलिस की भारी तैनाती की गई है। बता दें कि गत मंगलवार को हाई कोर्ट ने निर्देश दिया था कि पुलिस अस्थायी कुलपति को सुरक्षा प्रदान करे और यदि आवश्यक हो तो उन्हें एस्कॉर्ट कर परिसर से बाहर निकाले। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। अदालत ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार को यह रिपोर्ट देनी होगी कि पुलिस ने क्या कदम उठाए हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार और मंगलवार को भी विश्वविद्यालय परिसर में अस्थायी कुलपति के खिलाफ जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ। मंगलवार को छात्रों के एक गुट ने कुलपति कार्यालय के बाहर नारेबाजी की और उनके कक्ष का दरवाजा बंद कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस द्वारा नियुक्त किए गए अस्थायी कुलपति छात्रों और कर्मचारियों के साथ मनमानी कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि कुलपति उनकी बातें नहीं सुन रहे और उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। यही नहीं, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ भी दुर्व्यवहार की शिकायतें सामने आई हैं। इस दिन, सुबह से ही विश्वविद्यालय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी रहा। छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षण कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल हो गए। सड़क के दूसरी ओर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सके। हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे सिर्फ अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं।

## मगराहाट में तस्करी से पहले एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवाएं जब्त, एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** मछली की पेटियों में छिपाकर मादक पदार्थ की तस्करी की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया और एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवाएं बरामद कीं। यह सनसनीखेज घटना दक्षिण 24 परगना के मगराहाट में घटी। इस घटना में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि मंगलवार की देर रात मादक पदार्थों की तस्करी की गोपनीय सूत्रों के माध्यम से खबर डायमंड हार्बर जिला पुलिस तक पहुंची। इसके बाद, मगराहाट थाने की पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। मगराहाट में धमुआ-मगुरपुकुर रोड पर तलाशी अभियान शुरू हुआ। उस सड़क से गुजरने वाली सभी कारों को रोककर उनकी जांच की गई। उसी समय एक छोटी मैटाडोर कार आकर रुकी। बताया गया कि उसमें मछलियां ले जाई जा रही थीं। जब पुलिस ने तलाशी लेने की बात कही तो कार चालक भाग गया। परिणामस्वरूप, पुलिस का संदेह और भी बढ़ गया। जांचकर्ताओं को कार के अंदर की तलाशी लेने पर आश्चर्य हुआ। मछली के टोकरे में भारी संख्या में पैकेट सजाए गए थे। मादक पदार्थों को मछली के एक डिब्बे के पीछे छिपाकर उस पैकेट में ले जाया जा रहा था। पुलिस को यह समझने में कोई परेशानी नहीं हुई। कई क्विंटल मादक पदार्थ बरामद किया गया। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य एक करोड़ रुपये से अधिक है। चालक भाग गया, लेकिन कार में एक व्यक्ति मौजूद था। जांचकर्ता उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। शुरुआत में पता चला कि ड्रग्स ओडिशा से लाई जा रही थी। नशीले पदार्थों की तस्करी कहां की जा रही थी? तस्करी में और कौन शामिल है? उन चीजों के बारे में पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन का दावा है कि इतनी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की जब्ती एक बड़ी सफलता है।

### हसनाबाद में मामा के घर घूमने आए किशोर की पानी में डूबने से मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** मामा के घर घूमने आए किशोर की बुधवार को पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ मंडल (7) के रूप में की गई है। यह घटना हसनाबाद थाने के अंतर्गत अमलानी ग्राम पंचायत के माझेर पाड़ा में घटी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि सौरभ मंडल अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में रहता है। वह अपने मामा के घर घूमने आया था। इस दिन, सुबह से वह अचानक गायब हो गया था। इसके बाद, परिवार वाले तलाशी के दौरान पास के तालाब में उसे देखा। दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीणों को शव मिला। हसनाबाद पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए बशीरहाट पुलिस मुर्दाघर भेज दिया। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि छात्र इसलिए डूब गया क्योंकि वह तैरना नहीं जानता था। हालांकि, हसनाबाद पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इसके पीछे कोई और वजह तो नहीं है।

## कारखाना विस्तार को लेकर बस्ती पर चला बुलडोज़र, दुर्गापुर में उग्र विरोध और हिंसा

**दुर्गापुर :** कारखाना विस्तार के लिए जमीन की जरूरत के चलते दुर्गापुर थाना क्षेत्र के डीटीपीएस बॉयज क्लब के पास बुधवार सुबह से ही दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया गया। जेसीबी मशीन लेकर जैसे ही अधिकारियों ने बस्ती खाली कराने की कोशिश शुरू की वैसे ही स्थानीय निवासियों का विरोध तीव्र हो उठा। बस्ती बचाओ कमेटी के नेता अरिंदम नायक के नेतृत्व में कई लोग इस अभियान का विरोध करने उतर आए।

दूसरी ओर, इलाके का एक वर्ग कारखाना विस्तार का समर्थन किया और उनके साथ अरिंदम नायक के नेतृत्व वाले पक्ष की तीखी बहस और झड़प शुरू हो गयी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो जाती है। पुलिस जब स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश करती है, तब हालात और बिगड़ जाते हैं। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस का भी टकराव शुरू हो जाता है, पथराव होने लगता है और स्थिति बेहद तनावपूर्ण हो जाती है।

इस हिंसक टकराव में कई लोग घायल हुए हैं। फिलहाल इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और माहौल अब भी गर्म है। डीवीसी प्रशासन ने ऐलान किया है कि 1 अप्रैल तक के लिए बस्ती हटाने का अभियान स्थगित किया गया है, लेकिन अगर तय समय सीमा के भीतर ज़मीन खाली नहीं की गई, तो दोबारा कार्रवाई की जाएगी। इलाके में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती जारी रखी है।

## शुभेंदु पर हमले को लेकर बारुईपुर में एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन की अनुमति, हाई कोर्ट का फैसला



**कोलकाता :** बारुईपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी को कलकत्ता हाई कोर्ट से अनुमति मिल गई है। हाई कोर्ट ने यह अनुमति गुरुवार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक के लिए दी है, हालांकि इसके साथ कई शर्त लागू की गई हैं। यह मामला उस समय तूल पकड़ता है, जब बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष विमान बंद्योपाध्याय के निर्वाचन क्षेत्र में रैली करने के दौरान विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी पर हमला होता है। शुभेंदु अधिकारी का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनके काफिले पर हमला किया, जिसके कारण उन्हें बिना रैली किए ही लौटना पड़ा। इसी के भाजपा ने 27 मार्च को बारुईपुर में एसपी कार्यालय घेराव का आह्वान किया था।

हालांकि पुलिस ने इस प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद भाजपा ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान भाजपा के वकील ने अदालत में कहा कि राज्य के पास पर्याप्त संख्या में सक्षम पुलिसकर्मी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि पिछली बार के कार्यक्रम में 450 पुलिसकर्मी तैनात थे, फिर भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। इस पर न्यायाधीश ने सवाल उठाया कि आखिर उस दिन अशांति क्यों हुई? भाजपा ने कोर्ट में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण ही उनके नेता और कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ।

दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाई कोर्ट ने भाजपा को प्रदर्शन की अनुमति तो दी, लेकिन साथ में सख्त शर्त लगाई। आदेश में कहा गया है कि प्रदर्शन में एक हजार से अधिक लोग शामिल नहीं हो सकते। अस्पताल के आसपास माइक का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा और अधिकतम 25 माइक ही उपयोग किए जा सकेंगे। अदालत ने साफ किया कि विरोध प्रदर्शन केवल दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ही किया जा सकता है। अदालत के आदेश के बाद भाजपा ने कल बारुईपुर में निर्धारित कार्यक्रम के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## दक्षिण कोलकाता के बीजेपी अध्यक्ष को हटाने की मांग पर सॉल्टलेक में लगे पोस्टर




**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता में बीजेपी की अंदरूनी गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में, पार्टी कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना कर चुके दक्षिण कोलकाता के बीजेपी जिला अध्यक्ष अनूपम भट्टाचार्य अब एक नए विवाद में घिर गए हैं। सॉल्टलेक में बीजेपी कार्यालय के बाहर उनके खिलाफ पोस्टर लगाए गए, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। बीजेपी के अंदरूनी विवाद के चलते अनूपम भट्टाचार्य के खिलाफ पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। आरोप है कि वह पैसों या महंगे उपहारों के बदले पार्टी में पद बांटते हैं। हालांकि, उन्होंने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी नेतृत्व भी इस पर खुलकर कुछ नहीं बोल रहा है, लेकिन अब उनके खिलाफ पोस्टर सामने आ गए हैं। पोस्टरों में लिखा गया है कि दालाल चोर अनूपम और अनूपम अनुगामी कंपनी हटाओ, दक्षिण कोलकाता बीजेपी बचाओ। बुधवार की सुबह इन पोस्टरों को देखकर बीजेपी के भीतर फिर से हलचल तेज हो गई। हालांकि, इन पोस्टरों को किसने लगाया, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पानागढ़ में जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या, एक गिरफ्तार



**बर्दवान :** जमीन विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कपिल जायसवाल (66) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या के आरोप में राकेश जायसवाल नामक एक शख्स गिरफ्तार किया है। घटना कांकसा थाना अंतर्गत पानागढ़ बाजार के खुदीराम बोस रोड इलाके की है। आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के डीसी (पूर्व) अभिषेक गुप्ता ने बताया कि मृतक के परिवार द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इसी महीने की 7 मार्च को राकेश जायसवाल ने कपिल जायसवाल की पिटाई कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मृतक के बेटे रोहित कुमार जायसवाल ने पड़ोसी के खिलाफ कांकसा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी का उनके पिता के साथ जमीन संबंधी मामलों को लेकर विवाद था। पिता के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार किया गया। उन्हें दुर्गापुर के शोभापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार को पिता की मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद आरोपित राकेश जायसवाल और उसके परिवार के सदस्य घर से फरार हो गए। जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार की रात राकेश जायसवाल को दुर्गापुर से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को गिरफ्तार व्यक्ति को पुलिस हिरासत के लिए दुर्गापुर महकमा न्यायालय में पेश किया गया।




कोर्ट चैंबर कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी, दक्षिण 24 परगना द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक की झलकियां।

## आमडांगा में खेत से अधजली और अर्धनग्न महिला का शव बरामद, इलाके में सनसनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के आमडांगा के हरिशचंद्रपुर इलाके में एक खेत से अधजली और अर्धनग्न हालत में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बुधवार की सुबह जब स्थानीय किसान खेत में काम करने पहुंचे, तो उन्होंने शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला स्थानीय नहीं थी। आशंका जताई जा रही है कि हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया होगा और पहचान छिपाने के लिए उसे जलाने की कोशिश की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के इलाकों में किसी महिला के लापता होने की सूचना की जांच की जा रही है। घटनास्थल से कई अहम सुराग जुटाए गए हैं और फॉरेंसिक टीम भी जांच में जुटी हुई है। पुलिस कुत्तों की मदद से भी अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि अपराध उसी खेत में हुआ या महिला को कहीं और मारकर वहां फेंका गया।

## मालदह के शिशु विहार स्कूल में स्वास्थ्य एवं कल्याण जांच शिविर आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन, मालदह ने मालदह टाउन स्थित शिशु विहार स्कूल में वार्षिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह पहल संगठन की अध्यक्ष मनीषा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिन्होंने अपनी टीम के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की एक टीम ने विद्यार्थियों की जांच की, जिसमें डॉ. अचिंत्य सन्याल (सीनियर कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक्स), डॉ. एस. भट्टाचार्य (एसीएमएस), डॉ. अलीना पॉल (एडीएमओ) और डॉ. सुदीर्था बोरेल (डेंटल स्पेशलिस्ट) सहित पैरामेडिकल स्टाफ शामिल था। इस दौरान कुल 95 विद्यार्थियों ने चिकित्सा परीक्षा कराई। इस अवसर पर एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों को सामान्य बाल रोगों, रोकथाम के उपायों और स्वच्छता प्रथाओं के बारे में जानकारी दी गई, ताकि एक स्वस्थ और सुरक्षित स्कूल वातावरण का निर्माण किया जा सके।

### दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल ने 150 मिलियन टन माल लदान का रिकॉर्ड किया हासिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल ने माल परिवहन में अपनी दक्षता का एक और उदाहरण पेश किया है। इस मंडल ने 1 अप्रैल 2024 से 26 मार्च 2025 तक के वित्तीय वर्ष में कुल 150 मिलियन टन माल लदान करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस दौरान, चक्रधरपुर मंडल ने लौह अयस्क, कोयला, इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख माल का लदान किया, जिनमें लौह अयस्क का लदान 101.84 मिलियन टन, कोयला 20.51 मिलियन टन, इस्पात 13.44 मिलियन टन और सीमेंट 12.58 मिलियन टन रहा। इसके अतिरिक्त, मंडल ने अनाज, उर्वरक, पेट्रोलियम पदार्थ और कंटेनर जैसे अन्य सामानों का भी परिवहन किया। इस उपलब्धि के साथ ही, चक्रधरपुर मंडल ने माल लदान से राजस्व में भी बढ़ोतरी दर्ज की है। इस वित्तीय वर्ष में मंडल ने 13,030.16 करोड़ की कमाई की, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 1.29% की वृद्धि को दर्शाता है।

## जूटा ने राज्यपाल को पत्र लिख स्थायी कुलपति नियुक्त करने की मांग की




**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जूटा) ने राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस से आग्रह किया कि वे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें। जूटा के अध्यक्ष पार्थ प्रतिम बिस्वास ने राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बोस को लिखे पत्र में कहा कि स्थायी नेतृत्व के अभाव में कई प्रशासनिक और शैक्षणिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो इससे विश्वविद्यालय पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि स्थायी कुलपति के बिना निर्णय लेने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिससे संकाय भर्ती, शैक्षणिक नीति क्रियान्वयन और समग्र प्रशासन जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं। नेतृत्व की अनिश्चितता के कारण शिक्षकों और छात्रों के मनोबल पर असर पड़ रहा है, जिससे विश्वविद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, जूटा ने यह भी चेताया कि स्थायी प्रशासन के अभाव में विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है और इससे गुणवत्तापूर्ण छात्रों और शोधकर्ताओं को आकर्षित करने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। गौरतलब है कि जादवपुर विश्वविद्यालय पिछले डेढ़ साल से स्थायी कुलपति के बिना कार्य कर रहा है। इस दौरान भास्कर गुप्ता कार्यवाहक कुलपति के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

### मर्दानगी की नई परिभाषा: एएस-सीआई रिपोर्ट में पुरुषों के चित्रण में बदलाव की जरूरत पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएस-सीआई) की एकेडमी ने मैनिफेस्ट: मस्कुलिनिटीज बियॉन्ड द मास्क रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट समाज और मीडिया में पुरुषत्व के बदलते स्वरूप को समझने का प्रयास करती है। रिपोर्ट में विज्ञापनों में पुरुषों के चित्रण में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इस अध्ययन में पुरुषों को पारंपरिक ढांचे से बाहर, उनके विविध अनुभवों के आधार पर दिखाने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि बदलते सामाजिक परिदृश्य और लैंगिक समानता के प्रभाव से पुरुषों को अपनी पहचान को लेकर उलझन हो रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पुरुषों को उनके असफलताओं के साथ भी स्वीकार किया जाए और मीडिया को पुरुषत्व के विभिन्न रूपों को दिखाने की दिशा में काम करना चाहिए। एएससीआई की महासचिव मनीषा कपूर ने इस रिपोर्ट को समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## सोसायटी बेनिफिट सर्कल ने नि:शुल्क चश्मा वितरण किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** सोसायटी बेनिफिट सर्कल द्वारा हमीरागाछी स्थित संस्था के चिकित्सालय से निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। इसमें करीब 58 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में वितरित हुए। ज्ञात रहे की प्रत्येक माह इसी चिकित्सालय से निःशुल्क चस्मों का वितरण किया जाता है। संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के निर्देश पर संस्था लगातार सेवा कार्य के नए आयामों को छू रही है। चक्षु विशेषज्ञ डॉ. शमीम अहमद, डॉ घोष के साथ अरुण झुनझुनवाला, अजय दास आदि की उपस्थिति एवं योगदान से शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ। अपने चक्षु सेवा कार्यों को बढ़ाते हुए संस्था कोलकाता के मध्य गणेश टॉकीज के निकट चक्षु क्लिनिक एवं सेवा सेंटर खोलने जा रही है। यह सारी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुल्स्यान ने दी।

## सियालदह मंडल में 139वीं डीआरयूसीसी बैठक का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने बुधवार को अपनी 139वीं डिवीजनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह बैठक सियालदह स्थित रवींद्र सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने की। इस बैठक में रेलवे अधिकारियों और डीआरयूसीसी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान सियालदह मंडल की कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों, चल रही विकास परियोजनाओं और यात्री-संबंधी मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक के मुख्य विषयों में यात्री सुविधाओं में सुधार, बुनियादी ढांचे के उन्नयन, नई सेवाओं की शुरुआत और सुरक्षा उपायों में सुधार पर विशेष ध्यान दिया गया।

सियालदह के डीआरएम दीपक निगम ने इस अवसर पर मंडल की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सभी यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। इस बैठक में अमृत भारत स्टेशन योजना की प्रगति पर भी चर्चा की गई। बैठक में ट्रेन की क्षमता बढ़ाने के लिए 9-कोच को 12-कोच में परिवर्तित करने की महत्वपूर्ण पहल पर भी विचार किया गया। इस विस्तार से भीड़-भाड़ की समस्या का समाधान होगा और अधिक यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, बैठक में नवीनीकरण के बाद सबवे के पुनः उद्घाटन की घोषणा की गई। यह नया अंडरपास यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक पैदल यात्री क्रॉसिंग प्रदान करेगा, जिससे स्टेशन परिसर में सतही स्तर पर भीड़-भाड़ को कम किया जा सकेगा।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. वासुदेव टिकमानी की पुण्यतिथी पर श्रद्धांजलि



**हावड़ा, समाज्ञा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. वासुदेव टिकमानी को उनकी पांचवी पुण्यतिथी पर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय परिसर में प्रतिष्ठित उनकी प्रतिमा पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विभागीय पदाधिकारियों द्वारा शिक्षाविद् वासुदेव टिकमानी जी के नि:स्वार्थ सेवा भाव को स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। उनकी प्रेरणा, आशीर्वाद से दोनों विद्यालय भविष्य में भी उन्नति के पथ पर अग्रसर रहें, इसी कामना के साथ प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने सजल नेत्रों से श्रद्धेय वासुदेव टिकमानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## बी.आर.सिंह अस्पताल ने धूमधाम से मनाया विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के बी.आर. सिंह अस्पताल ने पश्चिम बंगाल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स न्यूरोडेवलपमेंटल चैप्टर, सेंट्रल कोलकाता वेलफेयर असोसिएशन फॉर पर्सन्स विद डाउन सिंड्रोम और बोधायन के सहयोग से बुधवार को बी.आर.एस.एच. ऑडिटोरियम में विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सम्मानित अतिथियों और डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों द्वारा दीप जलाने से हुई, जिसने एक प्रेरणादायक और समावेशी कार्यक्रम की दिशा तय की। बी.आर.एस.एच. के एमडी डॉ. शुभाशीष दास ने उद्घाटन भाषण दिया और चिकित्सा विभाग की डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों के लिए समर्थन प्रणाली को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. सयंतन साहा, सीनियर डीएमओ/आईसी/पीडियाट्रिक्स ने किया। जिसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सियालदह की सक्रिय भागीदारी भी रही। इस अवसर पर सियालदह की सीएमएस डॉ. कल्पना मंडल और डबल्यूबीएपी के सचिव डॉ. मिहिर सरकार उपस्थित थी। इसके बाद डॉ. जसोधरा चौधरी, पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट, एनआरएस मेडिकल कॉलेज ने न्यूरोलॉजिकल फॉलो-अप और प्रारंभिक हस्तक्षेप की महत्वता पर व्याख्यान दिया। साथ ही, डॉ. सौमि बाग, न्यूरोडेवलपमेंटल पीडियाट्रिशियन, शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज ने डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों के लिए न्यूरोडेवलपमेंटल देखभाल पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की सफलता कई विभागों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम रही, जिसमें एसएंडटी विभाग, पीआरओ विभाग और इलेक्ट्रिकल विभाग ने चिकित्सा विभाग के साथ मिलकर कार्यक्रम का समन्वय किया। यह पहल रेलवे के समावेशी स्वास्थ्य देखभाल और राष्ट्रीय कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः दर्शाती है।

## हावड़ा कोर्ट परिसर से दुष्कर्म का आरोपी फरार, दो पुलिस कर्मी को शो-कॉज



**हावड़ा, समाज्ञा :** पोक्सो मामले का आरोपी बुधवार को हावड़ा अदालत से फरार हो गया। इस घटना में स्वाभाविक रूप से पुलिस सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। इस घटना को लेकर दो पुलिस अधिकारियों को शो-कॉज किया गया हैं। हावड़ा जिला पुलिस ने उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में, गोलाबाड़ी इलाके में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप लगा था। उस घटना में गोलाबाड़ी थाने की पुलिस ने बिहार के बेगूसराय से बलराम कुमार (22) को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ अपहरण और पोक्सो के मामले दर्ज हैं। बुधवार को गिरफ्तार बलराम को हावड़ा जिला न्यायालय में पेश किया गया। वहां सुरक्षा के अचूक इंतजाम थे। इसके बावजूद बलराम सुरक्षा भेद कर फरार हो गया। स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठता है कि आरोपी अदालत परिसर से कैसे भाग गया। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि वह कहां भाग गया। बलराम की तलाश शुरू हो गई है। इस घटना में स्वाभाविक रूप से सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लग गया है। आरोपी की सुरक्षा में तैनात दो पुलिस कर्मियों पर मामला दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार बलराम की तलाश भी शुरू हो गई है।

# हावड़ा में कचरा डंपिंग को लेकर हंगामा, स्थानीय लोगों का जबरदस्त विरोध

❑ **सड़क पर खड़ी रही कचरे से लदी गाड़ियां**

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा में कचरा निस्तारण को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। नगर विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने बेलगछिया के डंपिंग ग्राउंड में कचरा फेंकने पर रोक लगा दी थी और प्रशासन ने नए स्थान का चयन किया था, लेकिन बुधवार की सुबह जब हावड़ा नगर निगम के कर्मचारी कचरा फेंकने पहुंचे, तो उन्हें स्थानीय लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध इतना तेज था कि कचरा लदी 20 से अधिक गाड़ियां वहां खड़ी रहीं, लेकिन कचरा नहीं फेंक सकीं और आखिरकार उन्हें लौटना पड़ा। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को ही मंत्री फिरहाद हकीम ने आदेश दिया था कि बेलगछिया के डंपिंग ग्राउंड में अब कचरा नहीं फेंका जाएगा। इसके बजाय हावड़ा नगर निगम के 47 नंबर वार्ड के पुलिस अकादमी और हिंदी विश्वविद्यालय के पास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के खाली मैदान में डेढ़ महीने के लिए कचरा डंप किया जाए। आदेश मिलते ही मंगलवार की आधी रात से ही सफाई विभाग ने तैयारी शुरू कर दी थी। इस दिन, सुबह में 20 से अधिक कचरा लदी गाड़ियां निर्धारित जगह पर पहुंचीं और सड़क पर कतार में खड़ी हो गईं। लेकिन स्थानीय लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया और सड़क पर प्रदर्शन करते हुए गाड़ियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। जबरदस्त विरोध के कारण निगम कर्मचारियों को कचरा फेंके बिना ही लौटना पड़ा। इस विरोध के चलते इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय लोग किसी भी हालत में इस इलाके में कचरा डंपिंग की अनुमति देने को तैयार नहीं हैं। हंगामे की खबर मिलते ही हावड़ा नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। हालांकि लोगों के विरोध की वजह से यहां कचरा फेंकना संभव नहीं हो पाया है।



## बेलगाछिया भगाड़ में प्रभावित निवासियों के रहने के लिए लाए गए लोहे के कंटेनर



**हावड़ा, समाज्ञा :** बेलगाछिया भगाड़ में धंसान के कारण प्रभावित घरों के निवासियों के रहने के लिए लोहे के कंटेनर लाए गए हैं। गत मंगलवार की रात खिदिरपुर से एक ट्रेलर में सात कंटेनर लाए गए। उन कंटेनरों को हावड़ा दासनगर ट्रैफिक पुलिस की निगरानी में एक स्थानीय क्लब के मैदान में रखा गया है। जल्द ही कंटेनरों को रहने योग्य बनाने के लिए काम शुरू किया जाएगा। हावड़ा नगर निगम के चेयरमैन डॉ. सुजॉय चक्रवर्ती ने कहा कि कंटेनर में खिड़कियां, दरवाजे, बिजली की लाइटें और पंखे लगाकर इसे मानव निवास के लिए उपयुक्त बनाया जाएगा। इसके अलावा, लिलुआ के भगाड़ के प्रभावित परिवार कह रहे हैं कि उस कंटेनर में रहना उनके लिए संभव नहीं है, जिससे सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, लिलुआ डंपिंग गाउन को लेकर एक के बाद एक जटिलताएँ पैदा होने लगी हैं।

## कालीघाट के हॉकर्स को चार साल बाद मिला पुनर्वास, नया मार्केट व्यापारियों को सौंपा

कोलकाता, समाज्ञा : कालीघाट में स्थित हॉकर्स कॉर्नर के व्यापारियों को आखिरकार उनका पुनर्वास मिल गया है, हालांकि उन्हें यह पुनर्वास अठारह महीने की बजाय चार साल बाद मिला। स्काईवॉक के निर्माण के बाद, बुधवार को कोलकाता नगर निगम ने हॉकर्स को पुनर्वासित कर एक नया वातानुकूलित बहुमंजिला मार्केट सौंपा। हालांकि, व्यापारियों में यह आशंका बनी हुई है कि क्या व्यापार पहले जैसा चलेगा या नहीं। इस पुनर्वासित मार्केट की चाबी कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के हाथों में सौंपी। 2021 की शुरुआत में, कालीघाट हॉकर्स कॉर्नर के हॉकर्स को अस्थायी रूप से जतिन दास (हाजरा) पार्क में पुनर्वासित किया गया था। इसके बाद, नगर निगम ने कालीघाट में एक नया स्काईवॉक और बहुमंजिला हॉकर्स कॉर्नर बनाने का काम शुरू किया।



बुधवार को, इस नवनिर्मित वातानुकूलित हॉकर्स मार्केट में नगर निगम के मेयर पार्षद और रासबिहारी के विधायक देबाशीष कुमार और स्थानीय 83 नंबर वार्ड के काउंसलर प्रवीर कुमार मुखोपाध्याय ने 175 व्यापारियों को उनके दुकानों की चाबी सौंपी। इस पांच मंजिला हॉकर्स मार्केट में 15 हजार वर्गफुट से अधिक का क्षेत्रफल है। एक और दो मंजिल पर नगर निगम के कार्यालय और हॉकर्स की दुकानें हैं, जबकि तीन और चार मंजिलों पर पूरा हॉकर्स मार्केट स्थित है। इस भवन की पांचवीं मंजिल पर नगर निगम के लाइट डिपार्टमेंट का कार्यालय होगा।

# नाबालिग की नग्न तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में बारुईपुर में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कुप्रस्ताव का जवाब नहीं देने पर नाबालिग की नग्न तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर में घटी। आरोपित का नाम रेजाउल शेख है। पुलिस जांच कर जा रही है कि क्या इसमें कोई और भी शामिल है। परिवार और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, नाबालिग नौवीं कक्षा की छात्रा है। यह घटना कई दिन पहले घटी थी। रेजाउल शेख उस क्षेत्र में रहने वाले एक पड़ोसी का रिश्तेदार है। उस स्रोत के माध्यम से उसका लड़की के परिवार से भी संपर्क था। आरोप है कि रेजाउल शेख ने कई मौकों पर लड़की को परेशान किया था। उसने उसे 300 रुपये प्रतिदिन की नौकरी की भी पेशकश की। पीड़िता ने उस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। आरोप है कि समय-समय पर उत्पीड़न की घटनाएं भी बढ़ती रहीं। लड़की ने किसी भी प्रस्ताव का जवाब नहीं दिया। किशोरी कुछ दिन पहले दोपहर में घर पर नहाने गई थी। उस समय उसके घर पर कोई नहीं था। आरोप है कि उसने मौके का फायदा उठाकर घर में घुसकर लड़की की नग्न तस्वीरें खींच लीं। परिवार को इसकी जानकारी लगते ही उन्होंने उसके खिलाफ पुलिस में जाना की बात कही। आरोप है कि उस समय आरोपित ने उन्हें धमकी दी। इतना ही नहीं, यह तस्वीर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर भी फैला दी गई। आस-पास के लोगों ने भी यह तस्वीर देखी। इलाके में अफवाह फैल गई। कथित तौर पर, युवक ने पहले भी लड़की के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया था। अंततः परिवार ने मंगलवार की रात बारुईपुर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच के बाद रेजाउल शेख को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना में और कौन-कौन शामिल है।



# साल्टलेक में फर्जी कॉल सेंटर से ठगी का खुलासा, मालिक समेत तीन गिरफ्तार

❑ **60 लाख नकद सहित तमाम उपकरण भी बरामद**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साल्टलेक इलाके में फर्जी कॉल सेंटर के जरिए चल रहे ठगी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और करीब 60 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा, कॉल सेंटर के मालिक के घर से भी पांच लाख रुपये, कई लैपटॉप, मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। बिधाननगर पुलिस की विशेष टीम को जानकारी मिली थी कि साल्टलेक के सेक्टर-5 में एक बहुमंजिली इमारत में अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर की आड़ में ठगी का बड़ा खेल चल रहा है। इसके आधार पर मंगलवार की रात पुलिस ने अचानक छापा मारा। मौके से बड़ी संख्या में नकदी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ठगी से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए।



पुलिस ने इस रैकेट के मास्टरमाइंड अविनाश जयसवाल उर्फ पीयूष और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में पता चला है कि यह गिरोह विदेशी नागरिकों को कॉल कर उनसे ठगी करता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को उन्हें अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत की मांग की गई ताकि पूरे रैकेट का खुलासा हो सके। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि इस रैकेट के अन्य सदस्यों तक पहुंचा जा सके।

## लेकटाउन में अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, चार युवती समेत 21 गिरफ्तार



कोलकाता के लेकटाउन में एक और अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। इस बार लेकटाउन के श्रीभूमि इलाके में एक घर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया गया है। आईपी एड्रेस के माध्यम से जांचकर्ताओं ने इस अवैध सेंटर का पता लगाया और वहां छापेमारी की। लेक टाउन थाने के श्रीभूमि क्षेत्र में एक घर से 28 से 29 लैपटॉप और कंप्यूटर बरामद किए गए, जिनसे फर्जी कॉल सेंटर का संचालन हो रहा था। इस सेंटर के माध्यम से फिनलैंड और फ्रांस के आईपी एड्रेस का इस्तेमाल कर ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को फोन कर धोखाधड़ी की जा रही थी। आरोपियों ने खुद को ऑस्ट्रेलियाई नागरिक बताकर कॉल किया और नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी की। पुलिस ने अब तक इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा जांच में यह भी पता चला है कि टॉलीगंज इलाके में भी इसी तरह का एक और अवैध ऑफिस चल रहा था, जिसकी जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में लेक टाउन के शुभजीत सरकार, लोकनाथ दास, बड़ाबाजार के निवासी मोहम्मद अली और तिलजला के निवासी आकिब आलम शामिल हैं। वहीं, अन्य 17 आरोपी जेल में हैं और जल्द ही उन्हें पुलिस हिरासत में लिया जाएगा।

# हावड़ा के बाद उलुबेरिया में भी जल संकट, पाइपलाइन फटने से कई वार्डों में पानी की भारी किल्लत

**हावड़ा :** हावड़ा के बाद अब उलुबेरिया नगर पालिका क्षेत्र में भी पानी की समस्या गंभीर रूप से सामने आई है। मंगलवार की शाम को अचानक गरूहाटा के पास पानी की मुख्य पाइपलाइन फट गई, जिससे कम से कम सात वार्ड के लोगों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन फटते ही पानी तेज़ी से बहने लगा। सूचना मिलते ही नगर पालिका के जल विभाग के इंजीनियरों ने मरम्मत का काम शुरू किया, लेकिन बुधवार सुबह तक स्थिति सामान्य नहीं हो सकी और कई इलाकों में पानी पूरी तरह बंद हो गया।

उलुबेरिया नगरपालिका में कुल 32 वार्ड हैं और इन सभी वार्डों में जगदीशपुर जल परियोजना से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाती है। नगर पालिका सूत्रों के अनुसार, पाइपलाइन टूटने के बाद 22, 25, 26, 27, 28 और 16 नंबर वार्डों में सबसे ज्यादा संकट पैदा हुआ है।

हालांकि नगर पालिका के चेयरमैन अभय दास ने दावा किया कि केवल दो या तीन वार्डों में ही पानी की समस्या हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाकों में पानी की टंकियों के जरिये जल आपूर्ति की जा रही है। जल आपूर्ति को सामान्य करने के लिए तेजी से काम चल रहा है। बुधवार को नगर पालिका के चेयरमैन अभय दास और जल विभाग के चेयरमैन इन काउंसिल अकबर शेख ने खुद मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया।

चेयरमैन अभय दास ने कहा कि पाइपलाइन की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर जारी है। जल प्रवाह धीमा होने की वजह से सभी जगह पानी नहीं पहुंच पा रहा है, लेकिन बुधवार शाम तक जल आपूर्ति सामान्य हो जाएगी, ऐसी उम्मीद है। जब तक मरम्मत पूरी नहीं हो जाती, तब तक प्रभावित वार्डों में पानी के टैंकर भेजकर जल संकट से निपटने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा और नियमित जल आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## वेस्टर्न डिजिटल ने भारत में कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की स्टोरेज प्रॉब्लम के लिए लॉन्च किए नए प्रोडक्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स को अब ज्यादा स्टोरेज और बेहतर परफॉर्मेंस की जरूरत है। वेस्टर्न डिजिटल ने हाल ही में डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी लॉन्च किया है। यह स्टोरेज डिवाइस खासतौर पर उन यूजर्स के लिए बनाई गई है जो 4के वीडियो, इमेज और ऑडियो जैसे हाई-वर्कफ्लो पर काम करते हैं। यह डिवाइस पीसीआईई जेन4 की स्पीड (5,500एमबी/सेकेंड तक) के साथ आता है, जो कार्यप्रवाह को बेहतर बनाता है और प्रोडक्टिविटी बढ़ाता है। इसकी स्टोरेज क्षमता 500जीबी से लेकर 4टीबी तक है और कीमत 3,199 से 26,999 तक रखी गई है। इसे अमेजन इंडिया और आईटी रिटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकता है। डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी एआई डेटा साइकल के स्टेज 4 और 6 के अनुसार डिजाइन किया गया है।

## हुगली में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, सात सूत्रीय मांगों को लेकर हंगामा



**हुगली :** सांगठनिक जिला भाजपा ने सोमवार को हुगली चुंचुड़ा नगर पालिका के खिलाफ सात सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। पीपलपाती मोड़ से शुरू हुई भाजपा कार्यकर्ताओं की रैली नगर पालिका परिसर तक पहुंची, जहां उन्होंने नगर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा नेताओं ने नगर पालिका पर प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार, तालाबों को भरने और जर्जर सड़कों को लेकर गंभीर आरोप लगाए। वे प्रशासन को ज्ञापन सौंपने पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मुख्य गेट पर ही उन्हें रोक दिया। इसके बाद पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। स्थिति बिगड़ने पर भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे और सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नारेबाजी की। जब ज्ञापन सौंपने की अनुमति नहीं मिली, तो उन्होंने नगर पालिका के मुख्य गेट पर ही ज्ञापन चिपका दिया। इस विरोध प्रदर्शन के चलते इलाके में काफी देर तक तनाव बना रहा।

# बंद फ्लैट से मिला वृद्धा का जला हुआ शव, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के विद्यासागर कॉलोनी में एक वृद्धा की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मृत वृद्धा की पहचान मालबिका मैत्र (75) के रूप में हुई है। वह 2022 से विद्यासागर कॉलोनी के एक फ्लैट में अपने बेटे अभिजीत मैत्र के साथ किराए पर रह रही थीं। बुधवार को वृद्धा का बेटा हर दिन की तरह काम के लिए घर से निकल गया। बताया जा रहा है कि करीब 12:30 बजे के आसपास पड़ोसियों ने देखा कि फ्लैट से काला धुंआ निकल रहा है। खबर मिलते ही मौके पर पाटुली थाना की पुलिस और दमकल पहुंची। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के बाद फ्लैट के अंदर घुसे तो देखा कि वृद्धा का जला हुआ शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के बेटे अभिजीत से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन नॉट रिचेबल था, जिससे पुलिस उनके साथ संपर्क स्थापित नहीं कर पाई। बाहर से दरवाजे पर ताला लगाना और बेटे का फोन नॉट रिचेबल होना इस पूरे मामले को और रहस्यमय बना रहा है। पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार, वृद्धा की हत्या की गई हो सकती है। हालांकि इस घटना में कौन लोग शामिल हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




## मेट्रो रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक पी.उदय कुमार रेड्डी की अध्यक्षता में मेट्रो रेल भवन स्थित सभागार में आयोजित हुई। बैठक के प्रारंभ में समिति के सचिव एवं राजभाषा अधिकारी ने महाप्रबंधक महोदय एवं सभी अधिकारियों का औपचारिक स्वागत किया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान वित्त सलाहकार अंबिका जैन सहित समिति के अन्य सदस्यगण तथा उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान महाप्रबंधक के कर कमलों से 'मेट्रो चेतना' के 36वें एवं नवीनतम अंक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वर्ष के दौरान अपना मूल कामकाज में प्रशंसनीय रूप से राजभाषा का प्रयोग करने के लिए 01 अधिकारी देवराज कुमार मौर्य, उप महानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं 02 कर्मचारी रामराई जारिका, यातायात पर्यवेक्षक एवं अमोद कुमार, वरिष्ठ लिपिक को महाप्रबंधक द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन राजभाषा अधिकारी किरण बोस द्वारा किया गया।

# केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारकों को बार-बार परेशान किया जा रहा है : तृणमूल सांसद साकेत गोखले

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राज्यसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि आजकल सार्वजनिक बैंकों में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) के नाम पर खाताधारकों को बार-बार परेशान किया जा रहा है और यह नहीं देने पर उनके बैंक खातों को 'फ्रीज' कर दिया जाता है। इस दिन, साकेत गोखले ने बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि जनधन योजना के तहत 54 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गये किंतु इनमें से 11 करोड़ से अधिक बैंक खाते निष्क्रिय पड़े हैं। उन्होंने कहा कि इन 11 करोड़ खातों में 14,000 करोड़ रूपये पड़े हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि ये 14 हजार करोड़ रूपये अधिकतर गरीब लोगों के हैं और उनकी पहुंच बैंकों तक नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि 14 हजार करोड़ रूपये की यह राशि उतनी ही है जितनी पश्चिम बंगाल का सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केंद्र सरकार पर बकाया है। गोखले ने कहा कि यह मोदी सरकार का कुत्सित हथकंडा है कि वह लोगों को उनके पैसों से और पश्चिम बंगाल राज्य को उसके जायज कोष से वंचित रख रही है। उन्होंने कहा कि आज बैंक खातों को आधार कार्ड और पैन कार्ड से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंकों में मध्यम वर्ग के लोगों को परेशान किया जा रहा है, उनसे हर तीन महीने के बाद केवाईसी करवाने के लिए कहा जा रहा है। तृणमूल सदस्य ने कहा कि लोग अपने कामों में व्यस्त रहते हैं और यदि वे केवाईसी कराने नहीं जा पाते तो उनके खाते को फ्रीज कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि खाता फ्रीज होना ग्राहक के लिए किसी बुरे सपने की तरह है और उसे अपने खाते को फिर से चालू करवाने के लिए बार-बार बैंक शाखा के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हर दो महीने के बाद केवाईसी की क्या जरूरत है जबकि सरकार के पास सारे आंकड़े हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जब इन आंकड़ों का अच्छी तरह उपयोग करना जानती है, चुनाव से पहले विकसित भारत के संदेश सभी के पास मोबाइल पर पहुंच जाते हैं तो फिर बार-बार केवाईसी की क्या आवश्यकता है? गोखले ने कहा कि आज बैंकों में जमा राशि घट रही है और ऋण बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में संकट के कारण लोगों को ऋण लेने या सोने को गिरवी रखकर कर्ज लेने के लिए विवश होना पड़ रहा है। तृणमूल सदस्य ने कहा कि लोगों का 33 प्रतिशत वेतन ऋण की किस्त चुकाने में जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज कार्पोरेट कर्ज नहीं ले रहे हैं, आम आदमी, छोटे किसान, मध्यम एवं लघु उद्योग इकाइयां ऋण ले रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टेलीविजन पर लोगों से कहा था कि शेयर बाजार में निवेश करो क्योंकि बाजार चढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी ने कर्ज लेकर शेयरों में निवेश किया और आज उसकी किस्त चुकाते-चुकाते उनकी सारी जमा-पूंजी साफ हो चुकी है। गोखले ने कहा कि आज नकदी का संकट है और बैंकों से जमा बढ़ाने को कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैंकों के लिए ऋण एक संपत्ति और जमा खाते एक दायित्व होते हैं।

# ओबीसी सर्वे को लेकर शुभेंदु अधिकारी का ममता सरकार पर हमला, रामनवमी जुलूस पर भी घेरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में ओबीसी वर्ग को लेकर किए जा रहे सर्वेक्षण पर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस सर्वे को गैर-संवैधानिक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार केवल मुस्लिम समुदाय पर केंद्रित सर्वे कर रही है, जो न्यायोचित नहीं है। शुभेंदु अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ओबीसी सूची में अवैध रूप से कई समुदायों को शामिल किया गया था, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्टे नहीं लगाया, बल्कि तीन महीने के भीतर दोबारा सर्वे का आदेश दिया, लेकिन राज्य सरकार सभी समुदायों का सर्वे न कर केवल मुस्लिम समुदाय पर ध्यान दे रही है। इसके खिलाफ बंगाल भाजपा का ओबीसी मोर्चा आवाज उठाएगा और रामनवमी के बाद सड़कों पर उतरेगा।



साथ ही, अगले सोमवार या मंगलवार को हाई कोर्ट भी जाएगा। रामनवमी के आयोजनों को लेकर प्रशासन की सख्ती पर भी शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि जुलूस निकालने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने कहा कि जहां पुलिस रोकेगी, वहीं रामनवमी मनाई जाएगी। भगवान राम की पूजा हर जगह होगी - घर में, सड़क पर, नदी किनारे, पर्वत पर। हम हिंदी समाज के साथ ध्वज लेकर और 'जय श्री राम' का नारा लगाते हुए निकलेंगे। जो हिंदू हित में काम करेगा, वही बंगाल में राज करेगा।

# मौसम बदल रहा है, बदलिए आप



**सीतेश कुमार द्विवेदी**

सूर्य का दिशा परिवर्तन होने लगा है। इसके साथ ही दिन बड़ा होने लगा है। सूरज की धूप में मामूली तेजी आने लगी। ठंड की विदाई होने लगी है। गर्म कपड़े अब तन से उतरने लगे हैं। ठंड का सेहतमंद समय अब चला चली की बेला में है।

यह ऋतु संक्रमण समय लोगों को बीमार कर रहा है। बदलती जीवन शैली एवं वातावरण के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। सर्दी जुकाम, बुखार, मलेरिया, पीलिया, टायफाइड, डायरिया आदि बीमारियां होने लगी हैं।

जब तापमान बदलता है, तब शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है जिससे रोगों का संक्रमण बढ़ जाता है। प्रदूषण बढ़ने लगता है। शरीर की पाचन क्षमता में कमी आ जाती है जिसके चलते सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी बीमारियां होने लगी है।

ठंड में कमी होने पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे मलेरिया, डेंगू आदि मच्छर के माध्यम से होने लगते हैं।

प्रदूषित पानी, प्रदूषित खानपान एवं वातावरण के कारण पीलिया से पीड़ित होने की संभावना बढ़ जाती है।

- साफ सफाई न होने से टायफाइड होने की संभावना बढ़ जाती है।
- प्रदूषित पानी एवं बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण डायरिया का खतरा बढ़ जाता है।
- खानपान व रहन सहन बदलिए
- ऋतु संक्रमण काल में जरा सी ढिलाई करने पर बीमारियों एवं संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। पाचन में कमी होने लगती है अतएव ऐसे समय में भोजन में बदलाव जरूरी हो जाता है। भारी भोजन की अपेक्षा गर्म, सादा, सुपाच्य भोजन हितकर होता है। ऐसे में उपयुक्त श्रम व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायी होता है। ऐसे समय में हर हाल में भारी एवं अधिक भोजन से बचना चाहिए। श्रम, व्यायाम करने से भोजन सरलता से पच जाता है।

**सावधान रहें:–** मौसम बदलने के समय कुछ रोग तीव्रता के साथ सिर उठाने लगते हैं। बी.पी. एवं हृदय रोग पीड़ितों को खतरा बढ़ जाता है। पेड़ पौधों में पराग के कारण खांसी, अस्थमा का दौरा पड़ने लगता है। भोजन की अधिकता के कारण शुगर लेवल बढ़ने का खतरा रहता है। हड्डी एवं जोड़ों में दर्द वाले मरीजों की पीड़ा एवं परेशानी बढ़ जाती है।

### विवेकपूर्ण कदम उठाएं

- भोजन ताजा, सादा, सुपाच्य एवं हल्का हो।
- मिर्च मसाला, तेल, घी, नमक और शक्कर की अधिकता से बचें।
- श्रम व्यायाम कर शरीर चुस्त दुरूस्त रखें।
- अस्थमा एवं एलर्जी पीड़ित सामने से आ रही हवा से बचें। उस तरफ पीठ कर लें।
- गर्म पानी की अपेक्षा गुनगुने पानी से नहाएं।
- मरीज अपनी निर्धारित दवा समय पर लें।
- बी पी., हृदय रोग, शुगर पीड़ित अपनी जांच कराएं एवं आने वाली गर्मी, के लिए तैयार हो जाए।
- मौसमी फल खाएं। नींबू संतरा सदैव लाभदायी हैं।

(स्व. द.)

# पाचक यंत्रों को बलवान बनाता है अनार

**इंदीवर मिश्र**

फलों में अनार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण व लाभदायक है। रोगियों और निर्बलों के लिये अमृत के समान गुणदायक फल है। अनार में विटामिन ए और सी अधिक मात्रा में पाया जाता है। अनार शीघ्र पचता है, शुद्ध रक्त उत्पन्न करता है, बल बढ़ाता और उसे सुरक्षित रखता है।



अनार के मीठे दाने चूसने से हृदय की पीड़ा और धड़कन, प्यास, जलन, बेचैनी, दमा, पागलपन, पेशाब में जलन, रूक-रूक कर पेशाब होना, यक्ष्मा, जलोदर, ज्वर, मिचली और निर्बलता इत्यादि में तुरन्त लाभ पहुंचता है।

अनार पाचक यंत्रों को बलवान् बनाता है और शरीर की कान्ति बढ़ाता है। शरीर में जमा हुए विजातीय पदार्थों विषों को बाहर निकालता है। जिगर के रोगियों को अनार का प्रयोग अत्यंत हितकर होता है। इससे जिगर का दर्द व सूजन दूर होती है और जिगर कार्यशील होता है। अनार सभी रोगों की सब हालतों में पथ्य है।

शरीर को स्वस्थ बनाने वाला मीठा अनार अमृत के समान गुणकारी होता है। अनार के छिलके की राख पानी में घोलकर लगाने से अर्श का दर्द और जलन तुरन्त शांत हो जाती है।

खट्टा अनार वात और कफनाशक, छाती की जलन में लाभदायक, आमाशय और जिगर की जलन को दूर करने वाला, मुख और कंठ के रोगों में हितकर होता है। समूचा अनार कूटकर उसका रस पिलाने से कै-दस्त बंद हो जाते हैं। खांसी में मीठे अनार का छिलका दो तोला, नमक लाहौरी तीन माशा बारीक करके पानी में एक-एक माशे की गोलियां बना लें, दिन में तीन बार-2-2 गोली चूसें। खटाई का सेवन एकदम न करें।

**दांत में:–** अनार का फूल छाया में सुखाकर बारीक करके मंजन की तरह मलने से खून बंद होता है और इसके प्रयोग से दांत मजबूत होते हैं।

**पेशाब में:–** अनार का छिलका बारीक करके चार माशे ताजे पानी के साथ दिन में दो बार खाने से पेशाब का बार-बार आना ठीक हो जाता है। इसे दस दिनों तक नियमित रूप से खाएं चावल का इस्तेमाल न करें।

**स्वप्नदोष में:–** कंधारी अनार का छिलका बारीक करके तीन माशा सुबह-शाम पानी के साथ खाने से स्वप्न रोग ठीक हो जाता है। दस दिनों तक खटाई का सेवन न करें तथा रात को दूध का सेवन भी न करें। (स्व. द.)

# सेहत का दुश्मन है जंक फूड

**सोनी मल्होत्रा**

आजकल जंक फूड का क्रेज हर तरफ बढ़ता जा रहा है। जिसे देखो चाहे वह बच्चा हो, बड़ा हो या बूढ़ा, पीज़ा या बर्गर खाते हुए नजर आएंगे पर क्या आप जानते हैं कि जब आप फास्ट फूड बर्गर, पीज़ा या फ्रेंच फ्राइस आदि का सेवन करते हैं या अपने बच्चे को ऐसा भोजन खिलाते हैं तो आप खुद भी और बच्चे को भी मोटापा, मधुमेह, हृदय रोगों का शिकार बनाने जा रहे हैं।

बर्गर, पीज़ा आदि परिष्कृत या रिफाइंड मैदे से बने होते हैं। इसके अतिरिक्त चिकन पैटीज, डीप फ्राइड मटन आदि संतृप्त वसा से युक्त होते है।

फास्ट फूड में नमक की मात्रा भी अधिक होती है। फास्टफूड से किसी भी पोषक तत्व की प्राप्ति नहीं होती। कभी-कभार तो चेंज के लिए फास्ट फूड का सेवन इतना हानिप्रद नहीं पर अगर यह आपके भोजन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है तो आप अभी से अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंतित होना प्रारंभ कर दें क्योंकि भविष्य में खतरे की घण्टी कभी भी बज सकती है।

फास्ट फूड का सेवन करने की बजाय भारतीय दाल रोटी, सब्जियों का सेवन आपको सभी पोषक तत्वों की प्राप्ति करवाएगा। अगर फास्ट फूड में सोडियम, कैलोरी, वसा की मात्रा के बारे में जाना जाए तो आपको पता चलेगा कि यह आपकी हृदय वाहिनियों के लिए कितना हानिप्रद है। एक हैम्बर्गर में कैलोरी की मात्रा अनुमानतः 270 होती है और सोडियम की मात्रा 600 मि. ग्रा., एक चीज बर्गर में कैलोरी की मात्रा 320 और सोडियम की 600 मि. ग्रा., फ्रेंच फ्राइस में कैलोरी की मात्रा 210 और सोडियम की मात्रा 135 मि. ग्रा. होती है। इससे आप अनुमान लगा सकते हैं कि फास्ट फूड का सेवन आपको कैलोरी और सोडियम की मात्रा तो बहुत अधिक देता है पर पोषक तत्वों के नाम पर कुछ नहीं। जो कैलोरी आप फास्ट फूड से प्राप्त करते हैं वह भी वसा से प्राप्त होती है।



अगर कभी आपको फास्ट फूड का सेवन करना पड़ भी जाए तो बर्गर या पीज़ा के साथ कोल्ड ड्रिंक्स, फ्रेंच फ्राइस आदि न लें। इससे आपके स्वास्थ्य को थोड़ा कम नुकसान पहुंचेगा। कभी भी पीजा या बर्गर लेते समय अतिरिक्त चीज़ न डलवाएं। नॉन वेजिटेरियन पीजा के स्थान पर वेजिटेरियन पीजा का ही आर्डर करें। फास्ट फूड का सेवन करते समय मस्टर्ड या केचअप न लें। इससे सोडियम के सेवन पर थोड़ा नियंत्राण रहेगा। फास्ट फूड के सेवन के पश्चात् सेब या किसी अन्य फल का सेवन करें।

इस तरह किसी हद तक आप अपने स्वास्थ्य को कम हानि पहुंचा पाएंगे पर अगर आप अच्छा स्वास्थ्य चाहते हैं तो फास्टफूड के स्थान पर सूप, फलों, सब्जियों, फ्रूट जूस, स्प्राउटस, दालों, साबुत अनाज का सेवन करें ताकि आपको कई गंभीर रोगों से सुरक्षा मिल सके। आपका स्वास्थ्य आपके स्वयं के हाथ में है। आप चाहे तो सिर्फ स्वाद देखें या फिर पोषक तत्वों की प्राप्ति। निर्णय खुद ही करें। (स्व. द.)

# कैसे करें त्वचा की देखभाल



**सोनी मल्होत्रा**

शरीर का महत्त्वपूर्ण अंग त्वचा शरीर के निखार और सौंदर्य का बोध कराता है। यह नाजुक और नर्म त्वचा आपसे प्रतिदिन देखभाल चाहती है। बाजार में नित्य नए सौंदर्य प्रसाधन आते रहते हैं किन्तु यदि आप प्रतिदिन अपनी त्वचा की देखभाल की ओर ध्यान नहीं देती तो इन सौंदर्य प्रसाधनों पर किया गया खर्च व्यर्थ है। त्वचा की देखभाल न केवल सौंदर्य बढ़ाने के लिए बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी हितकारी है।

त्वचा की बाह्य देखभाल के साथ-साथ आंतरिक देखभाल भी बहुत आवश्यक है। प्रायः देखने में आता है कि लोग बाह्य देखभाल की ओर अधिक ध्यान देते हैं और नए-नए सौंदर्य प्रसाधन खरीदते रहते हैं। बाह्य देखभाल त्वचा के सौंदर्य को बढ़ाती है परन्तु आंतरिक देखभाल बिना किसी प्रसाधन के त्वचा की सुंदरता बढ़ाती है इसलिए बाह्य व आंतरिक देखभाल दोनों ही आवश्यक हैं।

अच्छी त्वचा के लिए अच्छा आहार और नियमित सफाई अत्यंत आवश्यक हैं। अपने आहार में अधिक से अधिक फल, सब्जियों व पानी का सेवन करें। विटामिन ए, बी, सी, तीनों ही त्वचा को आभा व सुंदरता प्रदान करते हैं। सबसे जरूरी है संतुलित भोजन जिसमें ताजे फल, सब्जियों का होना बहुत आवश्यक है। अधिक से अधिक पानी पीजिए।

त्वचा की बाह्य देखभाल भी उतनी ही जरूरी है जितनी आंतरिक देखभाल। त्वचा की बाह्य देखभाल के लिए हम साबुन का प्रयोग करते हैं परन्तु साबुन त्वचा को शुष्क बनाता है इसलिए ऐसे साबुनों का प्रयोग करें जो त्वचा के लिए घातक सिद्ध न हों , इसलिए फेस वाश का प्रयोग उचित है जो त्वचा को शुष्क नहीं होने देता। ऐसे कई और साबुन भी हैं जो त्वचा पर गलत प्रभाव नहीं छोड़ते।

इसके अतिरिक्त त्वचा की सफाई के लिए क्लींजिंग आयल व लोशन भी प्रयोग में लाए जा सकते हैं जो मेकअप और धूल कणों को साफ करके त्वचा के बारीक छिद्रों को खोल देते हैं। इसके अतिरिक्त और घरेलू प्रसाधन यानी मुल्तानी मिट्टी, बेसन, दही आदि से भी त्वचा को साफ रख सकती हैं। ग्लिसरीन में नींबू का रस निचोड़ कर स्नान के पूर्व लगा लें और कुछ देर बाद स्नान करें। इससे भी त्वचा में आभा आती है।

त्वचा से लगातार नमी घटती रहती है। इसकी कमी की पूर्ति माश्चराइजर करते हैं। बाजार में बहुत से माश्चराइजर्स उपलब्ध हैं। बाजार से कोई भी सौंदर्य प्रसाधन खरीदते समय ध्यान रखें कि वह अच्छी कास्मेटिक कंपनी द्वारा बनाए हुए होने चाहिए। उनकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। इससे कई प्रकार की एलर्जी होने की संभावना भी होती है।

अगर आपकी त्वचा को कोई चीज एलर्जी करती है तो उसकी पहचान आसानी से की जा सकती है। किसी प्रसाधन के प्रयोग से त्वचा का रंग लाल पड़ रहा है, कोई सूजन, खुजली या जलन हो रही है तो उस प्रसाधन को तुरंत साफ कर दें व उसका प्रयोग कतई न करें।

त्वचा पर सूर्य की किरणों का तेज प्रभाव भी नुकसानदायक है क्योंकि तेज अल्ट्रा वायलेट किरणें त्वचा के आंतरिक भाग में पहुंच कर टिशूज को नष्ट कर देती है। इनसे बचने के लिए आप जब भी धूप में बाहर जाएं तो सनस्क्रीन लोशन लगाएं।

आज सौंदर्य प्रसाधनों द्वारा हम त्वचा को कई हानिकारक प्रभावों से बचा पाते हैं पर इसके लिए बहुत जरूरी है कि हमें इन प्रसाधनों की जानकारी हो और पता हो कि कौन सा प्रसाधन हमारी त्वचा के लिए उपयुक्त है। हमें इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि हमारी त्वचा को किस चीज की आवश्यकता है।

आपको यह भी जान लेना चाहिए कि आपकी त्वचा कैसी है। अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो आपको बिना ऑयल वाले माश्चराइजर का प्रयोग करना चाहिए। सूखी त्वचा के लिए माश्चराइजर का प्रयोग दिन में दो तीन बार करना चाहिए। अगर सामान्य त्वचा है तो प्रतिदिन माश्चराइजर का प्रयोग त्वचा की नमी नहीं खोने देता।

घरेलू उबटनों से भी आप त्वचा को कोमल बना सकते हैं। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए शहद, दही और अंडे की जर्दी का मिश्रण चेहरे पर कुछ देर लगाएं। यह उबटन चेहरे को नमी प्रदान करता है।

त्वचा के बाह्य व आंतरिक सौंदर्य दोनों की देखभाल द्वारा आप त्वचा को अनुपम सौंदर्य प्रदान कर सकते हैं। (स्व. द.)

# एक रामबाण औषधि है प्रातः भ्रमण



**विजेन्द्र कोहली गुरदासपुरी**

शरीर स्वस्थ हो तो मन भी प्रसन्न रहता है। स्वास्थ्य और सौंदर्य उसी को प्राप्त होता है जो नियमित व्यायाम करता है। सबसे हल्का और उत्तम व्यायाम है प्रातःभ्रमण। यदि आपके पास आज व्यायाम के लिए समय नहीं तो कल को बीमार होने के लिए समय अवश्य निकालना पडेगा। अच्छा भोजन, चिन्ता रहित जीवन और संतुलित व्यायाम आपकी काया को कुन्दन बना देता है।

खेलना, तैरना, घुड़सवारी करना, साइकिल चलाना, जागिंग करना आम व्यायाम हैं। दण्ड पेलना, कुश्ती करना मुदगर पेलना कुछ कठिन व्यायाम हैं। सूखा-चना खा कर भी सेहत को चंगा रखा जा सकता है। मन चंगा तो कठौती में गंगा। मन से सभी रोग शुरू होते हैं।

जो लोग बैठ कर कार्य करते हैं जैसे दुकानदार, क्लर्क, प्रोफेसर, अध्यापक, सभी के लिये व्यायाम करना अति आवश्यक है। घूमना, टहलना, जागिंग या साइकिलिंग भी अपनी जगह श्रेष्ठ हैं।

व्यायाम से अतिरिक्त वसा जल कर कम हो जाती है अन्यथा वसा हमारी चमड़ी के नीचे बैठ कर हमारी तोंद बाहर निकाल देती है। गाल व बाजु थुलथुले हो जाते हैं। शरीर के अंदरूनी अंग जैसे गुर्दा, दिल व आंतड़ियों पर वसा जमने लगती है। रूधिर वाहिनियों की दीवारें तंग हो जाती हैं और रक्त का दबाव बढ़ जाता है। शरीर की सुंदरता बिगड़ जाती है। चाल भी प्रभावित होती है। स्फूर्ति कम हो जाती है। डकार, गैस व अपच आदि रोग घेरा डाल लेते हैं जो बाद में भयंकर रूप धारण कर लेते हैं।

घास पर नंगे पांव चलने से नेत्रा-ज्योति में वृद्धि होती है। चलते समय रीढ़ की हड्डी सीधी और सीना तना हुआ रहना चाहिए। प्रातः हवा में आक्सीजन की मात्रा ज्यादा रहती है। हरे रंग को देखने से मन को स्फूर्ति मिलती है।

सुबह की सैर सभी रोगों की रामबाण संजीवनी है। प्रातः की सैर सायं की सैर से ज्यादा महत्त्वपूर्ण है क्योंकि प्रातः काल धूल मिट्टी, वाहन नहीं होते। वायुमण्डल में आक्सीजन की मात्रा ज्यादा रहती है। रक्त शुद्ध होकर जीवन-चेतना में वृद्धि होती है।

गर्भवती स्त्रियों, दमा के रोगियों गठिया या जोड़ों के दर्द वाले लोगों के लिए प्रातः भ्रमण रामबाण औषधि है जो न कड़वी है, न ही इसका कोई दाम है। शरीर से फालतू चर्बी घुल कर शरीर का काया-कल्प हो जाता है, शरीर निरोग व दीर्घायु को प्राप्त होता है।

भ्रमण करते समय अपना मन व दिमाग शांत व विच-ारशून्य रखने की चेष्टा करें । अकेले हों तो अच्छा, यदि मनपसन्द साथी हो तो और भी अच्छा, यदि जीवन साथी साथ भ्रमण करे तो सर्वोत्तम है।

स्वस्थ शरीर के लिए जितना जरूरी संतुलित भोजन है उतना ही जरूरी संतुलित व्यायाम है। चलते समय आरामदायक कैनवेस शूज़ और ढीले सफेद कपड़े हों तो सात्विकता बढ़ जाती है। डिप्रेशन के मरीज़ों के लिए सैर प्रसन्नता प्रदान करती है।

पहाड़ पर चढ़ना, बरसात में छाता लेकर चलना, ट्रेकिंग, बच्चों बूढ़ों जवानों आदि सब के लिए आनन्ददायक, स्फूर्ति दायक है। बुढ़ापा पास न फटकेगा-यदि आप प्रतिदिन पांच कि.मी. प्रातःभ्रमण करेंगे। सैर की दूरी अपनी शारीरिक क्षमता के अनुरूप करें। यह दूरी प्रतिदिन बढ़ाते रहें।

सैर से आप के चेहरे की चर्बी, वक्ष की अनावश्यक चर्बी, कूल्हों की चर्बी, पेट, कमर की चर्बी घुल जाएगी और आप पुनः नवयौवन को प्राप्त कर सकेंगे। मोटापा दूर भाग जाएगा, शरीर की कैलोरी जलेंगी। आपके चेहरे का निखार बढ़ जाएगा। डायबिटिज और दिल के मरीज़ों के लिए निरंतर प्रातःभ्रमण दीर्घ आयुकारी है क्योंकि इससे रूधिर संचार सुचारू हो जाता है। खून का अतिरिक्त ग्लूकोज जल कर भस्म हो जाता है।

नियमित व्यायाम से शरीर की टूटी-फूटी कोशिकाएं मुरम्मत हो कर ठीक हो जाती हैं। शरीर हष्ट पुष्ट बनता है। शरीर को जिस प्रकार हवा पानी की आवश्यकता है उसी अनुपात में व्यायाम आवश्यक है। इससे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है।

जो रोग औषधि नहीं ठीक कर सकती, वे तेज चलने से ठीक हो जाते हैं। गठिया, मधुमेह, दिल के रोग , मोटापा, जोड़ों का दर्द, पीठ का दर्द , कमजोर हड्डियां, डिप्रेशन, चिन्ता आदि प्रातः भ्रमण से दूर भाग जाते हैं। आइए हम सब चलें, और इन सब रोगों को दूर भगा कर चिरस्थाई कायाकल्प, चिरयौवन और दीर्घजीवन पाएं और धरती से रोग-प्रदूषण को दूर कर के धरती को स्वर्ग से सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। जिस देश के नागरिक स्वस्थ होंगे, वह देश अग्रणी बन सकता है। कमजोर लोग देश को शक्तिशाली नहीं बना सकते। (स्व. द.)

# इन दो दाल को मिलाकर खाने के हैं कई फायदे

दाल हमारी थाली का अहम हिस्सा है। दाल की खासियत होती है कि यह न केवल प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत है, बल्कि कई अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भी भरपूर है। चाहे मसूर की दाल हो या अरहर की, दोनों ही अपने स्वाद और पोषण के लिए मशहूर हैं। मगर क्या आपने कभी सोचा कि इन दोनों को साथ में खाने से सेहत को कितना फायदा हो सकता है? पोषण विशेषज्ञों का कहना है कि मसूर और अरहर दाल का मिश्रण न सिर्फ स्वाद को दोगुना करता है, बल्कि शरीर को कई जरूरी तत्व भी देता है। इसलिए आज हम अरहर और मसूर दाल के एक साथ सेवन के अद्भुत लाभों के बारे में बात करेंगे, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।

मसूर और अरहर दाल प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत हैं। अरहर दाल में जहां प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है, वहीं मसूर दाल में आयरन और फाइबर भरपूर होता है। इन्हें साथ में खाने से शरीर को संपूर्ण प्रोटीन मिलता है, जो मांसपेशियों को मजबूत करने और थकान दूर करने में मदद करता है। खासकर शाकाहारी लोगों के लिए ये जोड़ी किसी वरदान से कम नहीं।

### पोषण का पावरहाउस

मसूर और अरहर दाल प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत हैं। अरहर दाल में जहां प्रोटीन की मात्रा अच्छी होती है, वहीं मसूर दाल में आयरन और फाइबर भरपूर होता है। इन्हें साथ में खाने से शरीर को संपूर्ण प्रोटीन मिलता है, जो मांसपेशियों को मजबूत करने और थकान दूर करने में मदद करता है। खासकर शाकाहारी लोगों के लिए ये जोड़ी किसी वरदान से कम नहीं।

### पाचन को दुरुस्त रखे

मसूर दाल में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है, जो पाचन तंत्र को बेहतर बनाती है और कब्ज की समस्या से राहत देती है। दूसरी ओर,



अरहर दाल हल्की और आसानी से पचने वाली होती है। इन दोनों को मिलाकर खाने से पेट भरा हुआ महसूस होता है और पाचन भी सुचारू रहता है। अगर आप रोजाना हल्का और पौष्टिक खाना चाहते हैं, तो ये मिश्रण एक बढ़िया विकल्प है।

### खून की कमी को करे दूर

मसूर दाल में आयरन भरपूर होता है, जो खून की कमी (एनीमिया) को दूर करने में मदद करता है। अरहर दाल में मौजूद फोलिक एसिड आयरन को शरीर में बेहतर तरीके से इस्तेमाल करने में सहायक होता है। खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए ये मिश्रण बहुत फायदेमंद है, क्योंकि ये शरीर में खून बढ़ाने और थकान कम करने में कारगर है।

### दिल की सेहत का रखे ख्याल

दोनों दालों में कोलेस्ट्रॉल और सैचुरेटेड फैट्स की मात्रा न के बराबर होती है। मसूर दाल में पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, वहीं अरहर दाल में एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो दिल को स्वस्थ रखते हैं। रोजाना इनका सेवन करने से दिल की बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। मसूर और अरहर दाल का मिश्रण न सिर्फ किफायती है, बल्कि सेहत के लिए भी कमाल का है, जो आपको तंदुरुस्त और ऊर्जावान रखती है।

# केला खाएं, सेहत बनाए

**अनूप मिश्रा**

यूं तो हरेक फल हमारी सेहत के लिए बेहद जरूरी होता है परंतु जहां बात केले की आती है तो इसके खाने से जहां पेट संबंधी तकलीफें कोसों दूर हो जाती हैं, वहीं रोजाना एक केले का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना जाता है। इसमें पोटेशियम, कैल्शियम, विटामिन 'ए' और 'बी' प्रचुर मात्रा में विद्यमान होते हैं जो ऊर्जा पैदा करने हेतु सबसे बेहतरीन स्रोत समझे जाते हैं। इससे बाल एवं त्वचा भी बेहद खूबसूरत बन जाते हैं। आइए जानते हैं इसके अन्य महत्त्वपूर्ण फायदे के बारे में कुछ करीब से ।



### अनीमिया के रोगियों के लिए लाभप्रद:-

वरिष्ठ चिकित्सकों की राय में केले के अंदर आयरन मौजूद होने के कारण इससे शरीर में खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ जाती है। सो, अनीमिया से पीड़ित हो चुके लोगों को रोजाना एक केला अवश्य खाना चाहिए। इससे रोगी को जल्दी ही रोग से छुटकारा मिल जाता है।

### तनाव भगाएं:-

देखने में आया है कि नियमित केले का सेवन करने से व्यक्ति को तनाव रूपी समस्या से निजात मिल जाती है. यदि आप भी अक्सर तनाव से ग्रसित रहते हैं तो निस्संदेह सुबह नाश्ते में केला खाकर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

### मोटापा नियंत्रित करें:-

अपने भारी भरकम शरीर से परेशान व्यक्तियों के लिए भी केला बहुत मददगार साबित होता है। इसके लिए नित्य सुबह एक केला और एक गिलास दूध पीकर भी आप मोटापे को छू मंतर कर सकते हैं और बार-बार भूख भी नहीं लगेंगी।

### त्वचा निखारें:-

अधिकांश ब्यूटी कांशियस महिलाओं का मानना है कि कच्चे केले को दूध में मिश्रित करके लगाने से त्वचा में निखार में आ जाता है जबकि मैश करके बालों में लगाने से बाल कोमल बन जाते हैं।

### पाचन क्रिया में मददगार:-

केले में फाइबर की मात्रा भी बहुत अधिक होती है इसलिए खाना खाने के उपरांत केला खाने से भोजन आसानी से पच जाता है। इस प्रकार यह पाचन क्रिया में भी बेहद ही मदद करता है।

### गर्भवती महिलाओं और बच्चों हेतु फायदेमंद:-

देखा गया है कि छोटे बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं के लिए केला एक बेहतरीन दवा साबित हुआ है क्योंकि यह विटामिन से भरपूर होता है जो अपने आप में सम्पूर्ण आहार होता है। इसलिए जहां तक हो सके, सुबह के नाश्ते में एक केला उन्हें अवश्य दें। यकीनन, फायदेमंद सिद्ध होगा।

### पेट को ठंडक पहुंचाए:-

आहार विशेषज्ञों के अनुसार केले का मिल्क शेक ग्रीष्म ऋतु में पेट को ठंडक पहुंचाता है जिससे व्यक्तियों को गर्मियों में राहत मिलती है। इसलिए प्रतिदिन केला खाना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है।

### हाई ब्लड प्रेशर तथा रक्त में शुगर को घटाएं:-

डॉक्टरों की मानें तो, केला पोटेशियम का प्राकृतिक स्रोत है, अतः यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के साथ-साथ खून में शुगर के स्तर को भी घटाने में अपनी अहम् भूमिका दर्ज कराता है।

इसके अतिरिक्त केला अल्सर और डायरिया जैसे रोगों में भी काफी लाभप्रद पाया गया है। इसलिए हरेक मौसम में आसानी से सस्ते दामों पर सुलभ हो जाने वाले इस केले रूपी फल को खाकर अपनी सेहत बना ली जाए तो श्रेयस्कर होगा। (स्व. द.)

# मैंने कुछ नहीं किया, अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है सदन: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उनके आचरण को लेकर की गई टिप्पणी के बाद बुधवार को कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया है और सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने बुधवार को शून्यकाल के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करें तथा उनसे ऐसी अपेक्षा भी की जाती है। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही



स्थगित होने के बाद कांग्रेस के सांसदों ने बिरला से मुलाकात की और नेता प्रतिपक्ष को ''बोलने का मौका नहीं देने'' को लेकर विरोध दर्ज कराया। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे बारे में कुछ बोला। जब मैं खड़ा हुआ तो वह उठकर चले गए और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।'' उन्होंने दावा किया, ''जब भी मैं सदन में बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो बोलने नहीं दिया जाता, जबकि यह परंपरा रही है कि नेता प्रतिपक्ष खड़ा हो तो उसे बोलने दिया जाए। पता नहीं किस प्रकार से सदन से चल रहा है।'' राहुल गांधी ने कहा, ''मैंने कुछ नहीं किया है। मैं शांति से बैठा था। पिछले सात-आठ दिन में मैंने कुछ नहीं बोला। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की जगह होती है, लेकिन यहां लोकतंत्र की जगह नहीं है। पता नहीं कि लोकसभा अध्यक्ष की क्या सोच है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। सदन में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कोई सांसद या मंत्री सिर्फ खड़े हो जाते हैं तो उन्हें बोलने की खूली छूट मिल जाती है।

## पीआईबी की तथ्यान्वेषी इकाई ने 2022 से 19 मार्च तक 1,575 फर्जी खबरों का पता लगाया: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि उसकी तथ्यान्वेषी इकाई ने 2022 से इस साल 19 मार्च तक 1,575 फर्जी खबरों (फेक न्यूज) का पता लगाया। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा को एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि नवंबर 2019 में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के तहत 'फैक्ट चेक यूनिट' (एफसीयू) की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य सरकार से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के प्रसार की रोकथाम करना है। उन्होंने बताया कि 2022 में, एफसीयू को 25,626 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8,107 को कार्रवाई के योग्य पाया गया। इसने 338 फर्जी खबरों का पता लगाया। वैष्णव ने बताया कि 2023




में, एफसीयू को 20,684 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6,623 को कार्रवाई योग्य पाया गया। उन्होंने कहा कि इसने 557 फर्जी खबरों का पता लगाया। एफसीयू को 2024 में 21,404 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6,320 को कार्रवाई योग्य पाया गया और 583 फर्जी खबरों का पता लगाया गया। इस साल 19 मार्च तक, एफसीयू को 5,200 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1,811 को कार्रवाई योग्य पाया गया और 97 की पहचान फर्जी खबर के रूप में हुई।

## आशा है जंगल की आग रोकने के लिए धन का इस्तेमाल सार्थक उद्देश्यों के लिए होगा: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह उत्तराखंड में जंगल की आग से संबंधित याचिका पर 14 अप्रैल को सुनवाई करेगा। इससे पहले राज्य ने कहा कि उसने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाये हैं। उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ को बताया कि इस मुद्दे पर बैठकें आयोजित की गई थीं और केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा गया था। जब पीठ ने कहा कि गर्मी का मौसम आ रहा है, जिसके दौरान जंगलों में आग लगने की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, तो राज्य के वकील ने कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं। उत्तराखंड में जंगल की आग का मुद्दा उठाने वाले याचिकाकर्ता से पीठ ने कहा, ''वह (राज्य के वकील) कहते हैं कि कुछ प्रगति हुई है।'' पीठ ने कहा, ''हम 14 अप्रैल को इस पर सुनवाई करेंगे।'' न्यायालय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पेश वकील से मामले में निर्देश लेने को कहा। पीठ ने उम्मीद जताई कि जंगल की आग से निपटने और उसे रोकने के लिए आवंटित धनराशि का इस्तेमाल ''सार्थक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा, न कि आईफोन पर।'' एक अलग मामले में, उच्चतम न्यायालय ने पांच मार्च को उत्तराखंड राज्य द्वारा लैपटॉप, आईफोन, फ्रिज तथा अन्य सामान खरीदने के लिए प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) निधि के कथित दुरुपयोग पर आपत्ति जताई थी तथा मुख्य सचिव को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था।

## दिशा सालियान मौत मामला: मंत्री ने कहा, 'दोषी पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा'

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री शंभूराज देसाई ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में दोषी पाए जाने पर किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। देसाई की यह टिप्पणी शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ के एक सवाल के बाद आई। गायकवाड़ ने सवाल किया था कि दिशा सालियान के माता-पिता ने शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (उबाठा) के नेता आदित्य ठाकरे पर उनकी बेटी की हत्या में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप लगाया है, इसलिए उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। गायकवाड़ ने विधानसभा में 'सूचना बिंदु' के माध्यम से इस मुद्दे को उठाया और सदन के सदस्य के रूप में ठाकरे के इस्तीफे की मांग की और पूछा कि अध्यक्ष उनके (आदित्य ठाकरे के) खिलाफ क्या कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, जब (तत्कालीन) मंत्री धनंजय मुंडे के एक करीबी सहयोगी पर सरपंच संतोष देशमुख की हत्या (दिसंबर 2024 में बीड में) को लेकर आरोप लगाए गए, तो मुंडे से इस्तीफा मांगा गया। सत्ता पक्ष के सदस्य शिवसेना (उबाठा) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शरदचंद्र पवार के सदस्य जयंत पाटिल ने सदन के सदस्यों को याद दिलाया कि इतालवी दूतावास के अधिकारी अतिथि गैलरी में बैठे हैं। नारेबाजी के बीच विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी। गायकवाड़ ने सदन के दोबारा शुरू होने पर सालियान की मौत के मामले में आदित्य ठाकरे की गिरफ्तारी की मांग दोहराई। मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि सालियान के पिता ने मुंबई पुलिस आयुक्त से मुलाकात की है और आदित्य ठाकरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, नैतिक आधार पर इस्तीफा देना या न देना उन (आदित्य ठाकरे) पर और उनकी पार्टी पर निर्भर करता है। लेकिन सरकार के तौर पर मैं यह बताना चाहता हूं कि दोषी पाए जाने पर किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। हम सालियान के आरोपों पर मुंबई

## राहुल गांधी की नागरिकता का मुद्दा विचाराधीन : केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता का मुद्दा गृह मंत्रालय के समक्ष विचाराधीन है। केंद्र के वकील की दलीलों पर गौर करते हुए मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने मामले की सुनवाई 28 मई तक के लिए टाल दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने उच्च न्यायालय से गृह मंत्रालय को राहुल की नागरिकता पर फैसला लेने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। अतिरिक्त महाधिवक्ता चेतन शर्मा ने उच्च न्यायालय से कहा, ''मामला विचाराधीन है।'' पीठ को यह भी बताया गया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय, जो इसी तरह की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, ने गृह मंत्रालय को कार्यवाही के परिणाम से अवगत कराने के लिए हाल में चार हफ्ते का समय दिया था। जब स्वामी ने अदालत से अनुरोध किया कि वह राहुल को गृह मंत्रालय की ओर से उन्हें जारी पत्र पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दे, तो पीठ ने कहा कि वह मंत्रालय की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। पीठ ने कहा, ''हम बाध्य नहीं कर सकते। कार्यवाही मंत्रालय के समक्ष विचाराधीन है। फैसला लेना मंत्रालय का काम है। हम मंत्रालय की कार्यवाही में दखल नहीं दे सकते और मंत्रालय के समक्ष कार्यवाही में शामिल किसी भी व्यक्ति को कोई निर्देश नहीं जारी कर सकते।''

## सरकारी विभाग 'गूगल ट्रांसलेट' का इस्तेमाल करते हैं : केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह

**नयी दिल्ली :** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सरकारी विभाग अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद के लिए 'गूगल ट्रांसलेट' का इस्तेमाल करते हैं, जिस पर विपक्षी सदस्यों ने कहा कि उनके मंत्रालय के जवाब के हिंदी संस्करण में विसंगतियां हैं। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न पूछते हुए कांग्रेस सदस्य अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि देश में दुग्ध उत्पादन से संबंधित उनके प्रश्न के लिखित उत्तर में 'व्यय' और 'उपयोग' दोनों



के लिए 'व्यय' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। कांग्रेस सदस्य ने कहा, ''हिंदी में उत्तर दिये जाने में लापरवाही यहीं खत्म नहीं होती। उत्तर के अंग्रेजी संस्करण में दो पंक्तियां हैं, जो हिंदी संस्करण में गायब हैं। मंत्री खुद हिंदी भाषी राज्य (बिहार) से आते हैं और शिक्षित व्यक्ति हैं। आपका मंत्रालय संसद को उत्तर देने में लापरवाही बरत रहा है।'' उन्होंने कहा कि उत्तर के हिंदी संस्करण में ''बड़ी गलतियां'' हैं और मंत्री को विसंगतियों के लिए जवाबदेही तय करनी चाहिए।

## बैंक से कर्ज लेकर विदेश भाग गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी : वित्त मंत्री सीतारमण

**नयी दिल्ली :** करोड़ों रूपये का बैंक कर्ज लेकर विदेश भाग जाने वाले लोगों का ऋण माफ कर देने के विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और ऐसे मामलों में 749.83 करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। वित्त मंत्री सीतारमण ने यह बात राज्यसभा में बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से पांच कानूनों में संशोधन किया जाएगा। सीतारमण के



जवाब के बाद उच्च सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 में बैंकों पर बहुत दबाव था और भारत को पांच कमजोर अर्थव्यवस्था में माना जाता था। उन्होंने कहा कि इसके बाद सरकार ने बैंक के हालात सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय किए। सीतारमण ने कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) सितंबर 2024 में 2.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गयी है। उन्होंने कहा कि बैंकों की हालत में काफी सुधार आया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक बैंकों ने पिछले वित्त वर्ष में 1.41 लाख करोड़ रूपये का निवल लाभ कमाया जो अभी तक का सबसे बड़ा मुनाफा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस वित्त वर्ष में बैंक और ऊंचाई छुएंगे।

## राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भ्रामक विज्ञापन संबंधित शिकायत निस्तारण के लिए तंत्र बनाएं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया की पीठ ने कहा कि भ्रामक विज्ञापन समाज को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं और उन्हें रोकना तथा अनजान जनता को बचाना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारों को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे आम जनता औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम, 1954 के तहत प्रतिबंधित आपत्तिजनक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा सके।



पीठ ने कहा कि 1954 का अधिनियम 70 वर्ष से अधिक पुराना है और इसका सही अर्थों में क्रियान्वयन नहीं किया गया है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा, ''हम राज्य सरकारों को निर्देश देते हैं कि वे आज से दो महीने की अवधि के भीतर उचित शिकायत निवारण तंत्र बनाएं और नियमित अंतराल पर इसकी उपलब्धता का पर्याप्त प्रचार करें।'' इस प्रणाली के तहत टोल-फ्री नंबर पर या ईमेल के माध्यम से शिकायत दर्ज की जा सकती है। शीर्ष अदालत ने राज्यों को 1954 के अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन के संबंध में पुलिस तंत्र को संवेदनशील बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, ''हम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राजपत्रित अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश देते हैं, जो तलाशी, जब्ती आदि के लिए औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम की धारा-8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अधिकृत होंगे।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि जैसे ही शिकायत निवारण तंत्र या अन्य माध्यम से शिकायतें प्राप्त होंगी, उन्हें तुरंत कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को भेज दिया जाएगा। पीठ ने कहा, ''यदि अधिकारी को लगता है कि 1954 के अधिनियम का उल्लंघन हुआ है तो वह पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराकर आपराधिक कानून लागू करेगा, ताकि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जा सके।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### ओडिशा: सुंदरगढ़ में उपद्रवियों ने वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव किया

**राउरकेला :** ओडिशा में पुरी से राउरकेला जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे एक कोच की खिड़की के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। सुंदरगढ़ जिले के राउरकेला स्टेशन से करीब पांच किलोमीटर दूर कलुंगा गांव के पास ट्रेन पर पथराव किया गया। अधिकारियों ने बताया कि डिब्बा संख्या तीन की दो खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने बताया कि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) के कर्मियों के साथ तकनीकी कर्मचारियों के मौके पर पहुंचने तक ट्रेन कुछ देर के लिए कलुंगा में रुकी रही।

### जम्मू कश्मीर पुलिस ने बारामूला में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया, विस्फोटक बरामद

**श्रीनगर :** सुरक्षा बलों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले के वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, ''सुरक्षा बलों ने बारामूला के नंबलान वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया। उन्होंने वहां से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया।'' अधिकारियों के अनुसार, तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने हथियारों और विस्फोटकों का एक जखीरा बरामद किया, जिसमें एक फ्यूज के साथ एक 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी)', प्लास्टिक विस्फोटक, एके-47 की 104 गोलियां, एके-47 की दो मैग्जीन, दो हथगोले और अन्य सामान बरामद किये गये।

### महाराष्ट्र: मुंबई हवाई अड्डे पर कूड़ेदान में मिला नवजात शिशु का शव

**मुंबई :** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शौचालय में लगे एक कूड़ेदान से एक नवजात शिशु का शव बरामद किया गया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस उस व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश में जुटी है, जिसने सहार इलाके में स्थित टी2 के नाम से मशहूर हवाई अड्डे के अंदर एक दिन के बच्चे को फेंका था। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10.30 बजे हवाई अड्डे के सुरक्षा कर्मचारियों को शौचालय के कूड़ेदान में नवजात शिशु के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मुंबई: बस ने मारी ऐश्वर्या राय बच्चन की कार को टक्कर

**मुंबई :** मुंबई के जुहू उपनगर में बुधवार को बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन की कार को एक बस ने टक्कर मार दी। एक अधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक महंगी कार और उसके पीछे बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) की लाल रंग की बस दिखाई दे रही है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ऐश्वर्या कार में थीं या नहीं। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि बस की टक्कर से कार को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन कुछ ही देर बाद गाड़ी बहुत तेज गति से वहां से चली जाती है।

### जीई एयरोस्पेस ने तेजस एमके-1ए जेट के लिए एफ-404 इंजन की आपूर्ति शुरू की

**नयी दिल्ली :** अमेरिका की दिग्गज रक्षा कंपनी जीई एयरोस्पेस ने बुधवार को कहा कि उसने तेजस लाइट कॉम्बैट जेट कार्यक्रम के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 99 एफ-404 विमान इंजनों में से पहला इंजन दे दिया है। सरकारी कंपनी एचएएल तेजस लड़ाकू विमान के एमके-1ए संस्करण को ताकत प्रदान करने के लिए इंजन खरीद रही है।

### बांग्लादेश सरकार अल्पसंख्यकों पर अत्याचार की बात स्वीकार नहीं कर रही : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने संसद की एक समिति को बताया है कि बांग्लादेश सरकार ने अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को स्वीकार नहीं करने के अलावा शेख हसीना सरकार गिरने के बाद हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के पैमाने और स्वरूप को भी कमतर बताने की कोशिश की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि विदेश मामलों पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति के समक्ष मंत्रालय ने पड़ोसी देश में सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक प्रतीकवाद में वृद्धि को रेखांकित किया। मंत्रालय ने पड़ोसी देश में इस्लामी शासन की स्थापना की विचारधारा को बढ़ावा देने वाले चरमपंथी समूहों द्वारा राजनीतिक शून्यता का फायदा उठाने का भी जिक्र किया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने समिति को ''भारत-बांग्लादेश संबंधों का भविष्य'' तथा विश्व भर में भारतीय प्रवासियों की विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी दी।

### आईएएस अधिकारी पवन यादव गृह मंत्री अमित शाह के निजी सचिव नियुक्त

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी पवन यादव को बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव नियुक्त किया गया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। मणिपुर कैडर के 2014 बैच के आईएएस अधिकारी यादव केंद्रीय गृह मंत्रालय में उप सचिव के पद पर कार्यरत थे। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उप सचिव के रूप में यादव के कार्यकाल में कटौती को मंजूरी दे दी।

### दुष्कर्म को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणी पर न्यायालय की रोक, एनसीडब्ल्यू ने स्वागत किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की विवादास्पद टिप्पणियों पर उच्चतम न्यायालय द्वारा लगाई गई रोक का स्वागत किया है। उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी, ''किसी महिला के निजी अंगों को पकड़ने और उसके पायजामे का नाड़ा खींचने से'' बलात्कार के प्रयास का आरोप नहीं बनता है। शीर्ष अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे ''चौंकाने वाला'' बताया और कहा कि ये टिप्पणियां ''न्यायाधीश की ओर से पूर्णतया असंवेदनशीलता'' को दर्शाती हैं।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में नाले की सफाई नहीं होने पर स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित किया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के पीतमपुरा क्षेत्र में एक नाले की सफाई में कमी पाए जाने पर एक स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा का निरीक्षण किया और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने दिल्ली मेट्रो के खंभों समेत सार्वजनिक संपत्ति से अनधिकृत पोस्टर और बैनर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ''अगर हम स्वच्छ और सुंदर दिल्ली चाहते हैं तो सभी का सहयोग जरूरी है। सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना हमारी सभी की जिम्मेदारी है।'' दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि पीतमपुरा के वार्ड 57 में निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में चार फुट चौड़े नाले की सफाई नहीं होने पर एक स्वच्छता निरीक्षक को निलंबित कर दिया। मुख्यमंत्री पीतमपुरा के विभिन्न प्रखंडों में पहुंचीं और लोगों से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने लोगों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। गुप्ता ने पीतमपुरा में एसडी (सी) ब्लॉक, एचपी ब्लॉक, एलपी ब्लॉक, आरयू ब्लॉक, एमयू ब्लॉक और जी एंड जेयू ब्लॉक में पूरे हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इन कार्यों में नई गलियों, नालियों, सीवेज लाइन और सुरक्षा द्वारों के निर्माण शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इनमें एलपी ब्लॉक में गोपाल मंदिर मार्ग और सिटी पार्क होटल के सामने 36 लाख रुपये की लागत से नालियों का निर्माण; आरयू ब्लॉक में 12.86 करोड़ रुपये की लागत से जल निकासी प्रणाली में सुधार और बाहरी रिंग रोड का सुदृढ़ीकरण; एमयू ब्लॉक में नई सीवेज लाइन और जी और जेयू ब्लॉक में दो सुरक्षा द्वारों का निर्माण शामिल हैं।

## बालासोर में मिसाइल परीक्षण से पहले 32,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**बालासोर :** ओडिशा में बालासोर जिले के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से संभावित मिसाइल परीक्षण से पहले आसपास के इलाकों में रहने वाले करीब 32,000 लोगों को बुधवार को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल परीक्षण से पहले आईटीआर के प्रक्षेपण केंद्र-3 के 2.5 किलोमीटर के दायरे में छह बस्तियों में रहने वाले लोगों को बुधवार तड़के पास के तीन आश्रय केंद्रों में पहुंचाया गया। बालासोर जिला प्रशासन ने परीक्षण समाप्त होने तक इन केंद्रों पर उनके ठहरने के लिए व्यापक व्यवस्था की है। राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा उपाय के तौर पर ये कदम उठाए गए हैं। इस बीच, लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए जाने के बाद आईटीआर प्राधिकरण ने चेतावनी सायरन बजाया।

## निर्भया कोष बंद नहीं किया गया, इसके तहत 49 योजनाएं चलाई जा रही हैं: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि निर्भया कोष को बंद नहीं किया गया है और इसके तहत 49 योजनाएं चलाई जा रही हैं। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सहायता प्रदान करने वाले 'वन-स्टॉप सेंटर' भी इस कोष के जरिए चलाए जाते हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा, ''निर्भया कोष के जरिए 49 से ज्यादा योजनाएं चलाई जा रही हैं, कोष को बंद नहीं किया गया है।'' उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में निर्भया कोष से विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को 7,713 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। उन्होंने कहा कि कुल आवंटित राशि का 76 फीसदी या 5,846 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

## आरेडिका में महाप्रबंधक ने किया चिल्ड्रेन फुटबॉल ग्राउण्ड का उद्घाटन



**रायबरेल :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में मंगलवार को महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने टाइप-2 एवं टाइप-3 कॉलोनी के मध्य स्थित 161- 62 मी0 के चिल्ड्रेन फुटबाल ग्राउण्ड का उद्घाटन आरेडिका के उच्च अधिकारियों एवं कॉलोनीवासियों के साथ किया। महाप्रबंधक एवं उच्चाधिकारियों ने खिलाड़ी बच्चों के साथ बातचीत की एवं फुटबॉल खेल कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।प्ले ग्राउंड से पहले यहां जगह जगह गड्ढे थे एवं जंगल बना हुआ था। महाप्रबंधक महोदय के निर्देशानुसार पानी के संचयन के लिए बनने वाले तालाब से निकलने वाली मिट्टी को यहां डाल कर प्ले ग्राउंड का निर्माण बहुत ही कम लागत में किया गया। एक सुंदर, स्वचक्ष और नए फुटबॉल ग्राउंड के निर्माण से सभी टाइप 2 एवं टाइप 3 में रहने वाले कर्मचारियों में बहुत ही खुशी है। महाप्रबंधक ने बच्चों से वार्तालाप के दौरान कहा कि यह फुटबाल ग्राउण्ड आपके लिए बनाया है आप लोग इस का उपयोग कीजिए। इससे आपके मन में खेल भावना का विकास होगा तथा यह मैदान खेलों के प्रति रुचि पैदा कर शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ्य बनाने में मदद करेगा। इस ग्राउण्ड का उपयोग कॉलोनी के लोग सुबह टहलने एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यों के लिए भी कर सकते हैं। पार्क को हरा-भरा बनाने के लिए अशोक, बरगद, आदि के लगभग 151 पौधों का रोपण कार्य भी किया गया। पार्क में हरियाली के विकास हेतु जलप्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है। महाप्रबंधक महोदय ने सिविल इंजीनीरिंग विभाग को इस कार्य हेतु नगद पुरस्कार प्रदान करने के लिए आदेशित किया। इस अवसर पर आरेडिका सिविल इंजीनीरिंग विभाग के प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ओप्पो ने एफ29 सीरीज के साथ पेश की मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरेबिलिटी और बेहतरीन कनेक्टिविटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** ओप्पो इंडिया ने अपनी नई ओप्पो एफ29 सीरीज लॉन्च की है, जिसे खासतौर पर भारत के कामकाजी लोगों के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्मार्टफोन ड्यूरेबल चैंपियन है, जो आईपी66, आईपी68 और आईपी69 वाटर रेजिस्टेंस के साथ एसजीएस द्वारा टेस्टेड है, और उबड़-खाबड़ इलाकों में भी बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है। एफ29 सीरीज में हंटर एंटीना आर्किटेक्चर है, जो सिग्नल की स्ट्रेंथ को 300% बढ़ा देता है, जिससे कनेक्टिविटी बेहतरीन होती है। ओप्पो एफ29 सीरीज की कीमत 23,999 से शुरू होकर 27,999 तक है। इसमें 360ओ आर्मर बॉडी, मिलिट्री-ग्रेड मजबूती और शक्तिशाली बैटरी परफॉर्मेंस दी गई है। एफ29 में 6500 एमएएच बैटरी और 45 डबल्यू सुपरवूक चार्जिंग है, जबकि एफ29 प्रो में 6000 एमएएच बैटरी और 80 डबल्यू सुपरवूक चार्जिंग की सुविधा है। यह स्मार्टफोन 27 मार्च से ओप्पो ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट, और अमेजन पर उपलब्ध होगा।

## हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से सतर्क रहना होगा लखनऊ को




**हैदराबाद :** पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा जिसके बल्लेबाज किसी भी तरह के आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी थी और छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जिसमें ईशान किशन का शतक भी शामिल है। ऐसा लग रहा था कि किशन एक मिशन पर हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस द्वारा छोड़े जाने के बाद आईपीएल में अपना पहला शतक जड़ा और 47 गेंदों में नाबाद 106 रन की पारी में छह छक्के और 11 चौके लगाए। किशन के अलावा सनराइजर्स की टीम में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले मैच में रन बना कर जतला दिया था कि उनको किसी भी तरह से कम करके आंकना गलती होगी। ऐसी परिस्थितियों में लखनऊ को गेंदबाजी विभाग में स्पष्ट योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा क्योंकि छोटी सी गलतियां भी काफी महंगी साबित हो सकती हैं। लखनऊ को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ के कप्तान पंत पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। यही नहीं विकेट कीपिंग में भी उन्होंने गलतियां कीं। दिल्ली के पास जब केवल एक विकेट बचा था और उसे अंतिम ओवर में छह रन की जरूरत थी तब पंत स्टंपिंग का आसान मौका चूक गए थे।

# कोलकाता ने राजस्थान को आठ विकेट से हराया

## क्विंटन डिकॉक ने खेली 97 रनों की नाबाद पारी

**गुवाहाटी :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को आठ विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल कर ली। बुधवार को गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 151 रन बनाए। जवाब में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 17.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 153 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 152 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर को मोईन अली और क्विंटन डिकॉक ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले



विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी हुई। अली को महीश तीक्षणा ने रनआउट किया। इसके बाद डिकॉक को कप्तान अजिंक्य रहाणे का साथ मिला। दोनों ने 24 गेंदों में 29 रन जोड़े। रहाणे को वानिंदु हसरंगा ने 11वें ओवर की पहली गेंद पर तुषार देशपांडे के हाथों कैच कराया। वह 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आए अंगकृष रघुवंशी का साथ मिला। दोनों ने 83 रनों की नाबाद साझेदारी के साथ टीम को जीत दिलाई। डिकॉक इस मुकाबले में 97 और रघुवंशी 22 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान के लिए हसरंगा के अलावा किसी भी गेंदबाज को कोई सफलता नहीं मिली।

## भारतीय निशानेबाजों का पहला जत्था ब्यूनस आयर्स विश्व कप के लिए रवाना हुआ



**नयी दिल्ली :** भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया। भारतीय टीम के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर रौनक पंडित ने शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक निशानेबाज की क्षमता के बारे में बात करते हुए कहा, 'इस बार हमारे पास एक बड़ी कोचिंग टीम है और साथ ही युवा प्रतिभाओं की एक नयी खेप भी आई है इसलिए, शुरुआती दिनों में निशानेबाजों की ताकत और कमजोरियों को समझने की कोशिश की गई, फिर कोचों के साथ मिलकर उनमें से प्रत्येक के लिए तदनुसार कार्यक्रम तैयार किए गए।'

## अर्जेंटीना ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और फिर ब्राजील को हराकर जश्न मनाया

**ब्यूनस आयर्स:** अर्जेंटीना के लिए मंगलवार का दिन विशेष रहा। उसकी टीम ने पहले अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और फिर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 4-1 से करारी शिकस्त देकर जोरदार अंदाज में इसका जश्न मनाया। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ब्राजील के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर उतरने से पहले ही बोलीविया और उरुग्वे के मैच के ड्रॉ छूटने से विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी थी। बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने का मतलब था कि अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोल रहित ड्रॉ छूटने के बाद अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेस्सी की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील को 4-1 से पराजित करके विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का जश्न मनाया। दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग इतिहास में ब्राजील की सबसे बुरी हार ने कोच डोरिवल जूनियर पर दबाव बढ़ा दिया, जिन्होंने पिछले साल जनवरी में पदभार संभाला था। ब्राजील दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में 21 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। वह शीर्ष



पर काबिज अर्जेंटीना से 10 अंक जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद इक्वाडोर से केवल दो अंक पीछे है। इक्वाडोर को चिली ने गोल रहित ड्रॉ पर रोका। तीसरे स्थान पर काबिज उरुग्वे और पांचवें स्थान पर काबिज पराग्वे के भी 21 अंक हैं और कोलंबिया उनसे एक अंक पीछे छठे स्थान पर है। वेनेजुएला के 15 अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है। वे-नेजुएला ने नौवें स्थान पर मौजूद पेरू पर 1-0 की जीत हासिल की।

## क्लब विश्व कप के लिए एक बिलियन डॉलर पुरस्कार राशि का प्रावधान, विजेता को मिल सकता है 125 मिलियन डॉलर

**ज्यूरिख :** अमेरिका में आयोजित होने वाले फीफा के पहले क्लब विश्व कप के लिए फीफा ने एक बिलियन डॉलर (लगभग 85.66 अरब रुपये) की पुरस्कार राशि का विवरण बुधवार को पेश किया जिसमें से चैंपियन बनने वाली फुटबॉल टीम को 125 मिलियन डॉलर (लगभग 10.70 अरब रुपये) की राशि मिल सकती है। फीफा ने कहा कि उसने 14 जून से 13 जुलाई तक चलने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए 525 मिलियन डॉलर की गारंटी फीस आवंटित की है। इसमें शीर्ष रैंक वाली यूरोपीय टीम (संभवतः रियल मैड्रिड) के लिए 38.19 मिलियन डॉलर से लेकर ओशिनिया के प्रतिनिधि ऑकलैंड सिटी के लिए 3.58 मिलियन डॉलर शामिल हैं। टूर्नामेंट के मैचों को जीतने पर टीमों के पास अतिरिक्त कमाई का मौका होगा जिसके लिए 475 मिलियन डॉलर का प्रावधान रखा गया है। इसमें ग्रुप चरण के मैच जीतने के लिए दो मिलियन डॉलर, अंतिम-16



चरण में खेलने के लिए 7.5 मिलियन डॉलर और न्यूयॉर्क के पास मेटलाइफ स्टेडियम में फाइनल जीतने वाली टीम को 40 मिलियन डॉलर का भुगतान किया जाता है। क्लब विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली 12 यूर-ोपीय टीमों में से प्रत्येक को प्रवेश शुल्क के रूप में कम से कम 12.81 मिलियन डॉलर का भुगतान किया जाएगा। फीफा ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि भुगतान 'खेल और वाणिज्यिक मानदंडों के आधार पर रैंकिंग' द्वारा तय किया जाएगा। दक्षिण अमेरिका की छह टीमों में से प्रत्येक को 15.21 मिलियन डॉलर का प्रवेश शुल्क मिलेगा।

## बीएफआई ने चुनाव स्थगित किए, कहा मूल समय-सीमा के अंदर प्रक्रिया पूरी करना असंभव

**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने 28 मार्च को होने वाले अपने चुनाव बुधवार को स्थगित करते हुए कहा कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों द्वारा संस्था को निर्वाचक मंडल से हटाए गए नामों को बहाल करने का निर्देश दिए जाने के बाद 'मूल रूप से तय समय-सीमा के अंदर प्रक्रिया पूरी करना असंभव है'। बीएफआई ने अपने सदस्य इकाइयों को एक अधिसूचना में कहा, 'आपको सूचित किया जाता है कि बीएफआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) स्थगित कर दी गई है जो 28 मार्च 2025 को होने वाली थी।' एजीएम के दौरान पदाधिकारियों के चुनाव होने थे। बीएफआई ने कहा कि एजीएम को स्थगित करने का फैसला निर्वाचन अधिकारी (सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति) आरके गौबा के 21 मार्च के आदेश के बाद जरूरी हो गया था।

## पाकिस्तान को बकाया कर्ज के कारण अजलन शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया गया

**कराची :** मलेशियाई हॉकी महासंघ (एमएचएफ) ने पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को बकाया कर्ज के कारण इस साल नवंबर में अजलन शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के एक सूत्र के अनुसार, 'पीएचएफ के एक पूर्व अधिकारी ने पिछले अजलन शाह कप के दौरान कुछ गलत फैसले लिए जिससे पीएचएफ एमएचएफ के कर्जे में डूब गया।' मलेशियाई आयोजक इस स्थिति से 'खुश नहीं' थे इसलिए उन्होंने पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं किया। सूत्र ने कहा कि पीएचएफ के अधिकारी एमएचएफ के साथ मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद है कि इस सप्ताह के अंत में निमंत्रण मिल जाएगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान और मलेशिया के बीच पिछले कई वर्षों में हॉकी में बहुत मजबूत संबंध रहे हैं और इस मुद्दे को सुलझा लिया जाना चाहिए।' पिछली चैंपियन जापान अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएगी।

## बांग्लादेश से ड्रॉ के बाद नाराज निराश मार्केज ने कहा, भारत तीन कदम पीछे चला गया

**शिलांग :** एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ पर नाराज और निराश भारतीय मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा कि पिछले साल उनके नेतृत्व में पहले मैच के बाद से उनकी टीम दो-तीन कदम पीछे चली गई। दो चिर परिचित प्रतिद्वंद्वियों के बीच हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद भारतीय कोच ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने सभी विभागों में बहुत खराब खेल दिखाया। स्पेनिश खिलाड़ी ने मंगलवार रात मैच के बाद कहा, 'मैं वास्तव में नाराज और निराश हूं। अगर आप मुझसे पूछें तो शायद आज मेरे करियर की सबसे मुश्किल प्रेस कांफ्रेंस है। क्योंकि मैं इस समय अपने दिमाग में चल रही सभी बातें नहीं कहना चाहता।' उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'जब हमने हैदराबाद में मॉरीशस के खिलाफ (सितंबर 2024 में इंटरकॉन्टिनेंटल कप में) एक ट्रेनिंग सत्र के साथ शुरुआत की थी, तब से आज के मैच से पहले तक हर बार प्रदर्शन बेहतर होता रहा। पर आज हम दो या तीन कदम पीछे हट गए।'

समाज्ञा व्यापार

## विनियमनों से वित्तीय समावेश में अनपेक्षित बाधाएं उत्पन्न नहीं होनी चाहिए: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि विनियमनों से वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने में 'अनपेक्षित बाधाएं' उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के यहां आयोजित कार्यक्रम में मल्होत्रा ने कहा कि नीति निर्माताओं को भी सावधान रहना चाहिए और अपने उपायों को लेकर 'अति उत्साही' नहीं होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कि वैध गतिविधियों को दबाया नहीं जाना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा कि भारत ने वित्तीय समावेश की दिशा में पर्याप्त प्रगति की है। अब 94 प्रतिशत वयस्कों के बैंक खाते हैं। उन्होंने कहा, 'यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विनियमन वित्तीय समावेश में अनपेक्षित बाधाएं उत्पन्न न करें। हमें उचित संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते समय ग्राहकों के अधिकारों और सुविधा का ध्यान रखना चाहिए।' मल्होत्रा ने कहा कि कानूनों तथा



विनियमों को केवल अवैध व गैरकानूनी लोगों को लक्षित करना चाहिए, न कि उन्हें ऐसे कुंद हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए जो अनजाने में ईमानदार लोगों को चोट पहुंचाते हों। गवर्नर ने कहा, 'जबकि हम अपनी वित्तीय प्रणालियों को धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण के खिलाफ सुरक्षित बनाने का प्रयास कर रहे हैं, हमें नीति निर्माताओं के रूप में यह भी ध्यान रखना होगा कि हमारे उपाय अति उत्साही न हों और वैध गतिविधियों तथा निवेशों को बाधित न करें।'

## भारतीय उद्योग अमेरिका के जवाबी शुल्क से चिंतित, जल्द से जल्द व्यापार समझौते की मांग

**नयी दिल्ली :** भारतीय उद्योग अमेरिका की जवाबी शुल्क लगाने की योजना को लेकर चिंतित है और द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द से जल्द निष्कर्ष पर पहुंचता देखना चाहता है। सूत्रों ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत अच्छी चल रही है। उन्होंने कहा, 'उद्योग इसे (बीटीए) जल्द से जल्द करने की मांग कर रहा है, अन्यथा उन्हें अमेरिकी जवाबी शुल्क से नुकसान होगा। हर कोई इसके संभावित प्रभाव से उन्हें बचाने के लिए लिख रहा है।' एक सूत्र ने कहा, 'उद्योग चिंतित है। बहुत सारी नौकरियां दांव पर हैं।' निर्यातकों का कहना है कि अमेरिका द्वारा जवाबी शुल्क से भारत को छूट देने से दोनों देशों के बीच निर्बाध द्विपक्षीय व्यापार को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर कोई भी शुल्क अमेरिका को जाने वाली खेप को नुकसान पहुंचाएगा। खबरों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वाहन शुल्क जल्द ही लागू होंगे, जबकि उन्होंने संकेत दिया कि कुछ देशों को दो अप्रैल को लगाए जाने वाले जवाबी शुल्क से छूट मिल सकती है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से जवाबी शुल्क से छूट का हकदार है क्योंकि यह द्विपक्षीय व्यापार करार और विभिन्न स्तर पर अमेरिका के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान स्तर 200 अरब अमेरिकी डॉलर से 500 अरब डॉलर तक ले जाने के मिशन के लिए निर्बाध व्यापार को अधिक प्रयासों की आवश्यकता है, जिसे छूट से और मदद मिलेगी। एक अन्य निर्यातक ने कहा कि भारत को छूट से शुल्क को अनिश्चितताएं दूर होंगी और अमेरिका को निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# शेयर बाजार में सात दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 729 अंक टूटा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बीते सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 729 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,500 अंक से नीचे आ गया। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक अनुबंधों के निपटान से पहले मुख्य रूप से बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 822.97 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 181.80 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,486.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स इससे पिछले सात कारोबारी सत्रों में 4,188.28 अंक यानी 5.67 प्रतिशत चढ़ा था। वहीं



एनएसई निफ्टी 1,271.45 अंक यानी 5.67 प्रतिशत मजबूत हुआ था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड शामिल हैं। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली। यह मुनाफावसूली अगले सप्ताह अमेरिका में शुल्क दरों की घोषणा से पहले हुई है। औषधि और आईटी जैसे उन क्षेत्रों में कुछ बिकवाली दबाव देखने को मिला, जिनका काफी कारोबार अमेरिकी बाजार से जुड़ा है।' एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में गिरावट दर्ज की गई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार मंगलवार को लाभ में रहे थे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, '....शुरुआती तेजी के बाद निफ्टी कारोबार के पहले सत्र में सीमित दायरे में रहा। लेकिन बाद में मुनाफावसूली से यह नीचे आ गया। मार्च महीने के वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक अनुबंधों के निपटान से पहले प्रतिभागियों ने मुनाफावसूली की। शुल्क दरों को लेकर चर्चा के बीच चिंता बरकरार है।

## गोवा बजट: 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले उद्योगों को राज्य जीएसटी वापस मिलेगा

**पणजी :** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व अधिशेष वाला बजट पेश किया। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में सितारा होटल स्थापित करने वाले पर्यटन उद्यमियों को कर प्रोत्साहन और 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले उद्योगों के लिए पहले पांच साल के दौरान पूर्ण एसजीएसटी (राज्य माल एवं सेवा कर) की वापसी का प्रावधान है। बजट में 2025-26 में मौजूदा कीमतों पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 14.27 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 1,38,624.86 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है। गोवा की प्रति व्यक्ति आय 9.69 लाख रुपये रहने का अनुमान लगाया है, जो एक मजबूत और स्वस्थ अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। वित्त विभाग भी संभालने वाले सावंत ने कहा कि गोवा में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले उद्य-ोगों/संगठनों को पांच साल के लिए पूर्ण एसजीएसटी प्रतिपूर्ति जैसे विभिन्न प्रोत्साहन मिलेंगे। उन्होंने अन्य लाभ के अलावा पांच साल के लिए स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट और विभिन्न सुविधाओं की आपूर्ति पर सब्सिडी की भी घोषणा की। पर्यटन क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से बिजली, पानी और सी-वरेज कनेक्शन जैसे बुनियादी ढांचे का समर्थन प्रदान करेगी। उन्होंने होटल और चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र में पर्यटन के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए राज्य जीएसटी पर 50 प्रतिशत छूट, स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण में छूट के रूप में कर अवकाश प्रदान करने की घोषणा की।

## विभिन्न कारणों से 637 परियोजन-ाओं में देरी : नितिन गडकरी

**नयी दिल्ली :** भारतमाला परियोजना के तहत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण के मुद्दों और ठेकेदारों के सामने आने वाली वित्तीय कठिनाइयों जैसे कारकों के कारण देरी हुई है। बुधवार को संसद को इसकी सूचना दी गई। केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अप्रत्याशित घटनाओं के अलावा निर्माण सामग्री की कमी जैसे कारणों से भी परियोजनाओं में देरी हुई है। मंत्री ने कहा, 'भारतमाला परियोजना योजना के तहत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी हुई है...।' गडकरी ने कहा कि इन चुनौतियों से



पार पाने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए सरकार ने विभिन्न पहल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

## न्यूज अपडेट

### सोने में चार दिन से जारी गिरावट थमी, 235 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,500 रुपये का उछाल

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने में चार दिन से जारी गिरावट थम गई और इसकी कीमत 235 रुपये बढ़कर 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 235 रुपये की तेजी के साथ 90,235 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि हाल के नुकसान के बाद खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली से सोने की कीमतों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझान से भी कारोबारी धारणा में सुधार हुआ।

### यूपीआई में तकनीकी समस्या से डिजिटल लेन-देन बाधित

**नयी दिल्ली :** यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) में तकनीकी समस्या आने के कारण बुधवार को लोगों को डिजिटल माध्यम से लेन-देन में समस्या आई। बड़ी संख्या में उपयोगकर्ताओं ने यूपीआई के जरिये भुगतान में आने वाली समस्याओं के बारे में शिकायत की। यूपीआई में लगभग एक घंटे तक अस्थायी समस्या रही। बाद में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने समस्या का समाधान किया। समस्या के कारण डाउनडिटेक्टर पर शिकायतों में वृद्धि हुई। डाउनडिटेक्टर उपयोगकर्ता की रिपोर्ट के आधार पर सेवा में समस्याओं की निगरानी करने वाला एक मंच है। भुगतान नियामक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'एनपीसीआई को बीच-बीच में तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसके कारण यूपीआई सेवाएं आंशिक रूप से बाधित हुईं। अब इसे ठीक कर लिया गया है और प्रणाली दुरुस्त हो गयी है...।'

### भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम बकाया मद में 5,985 करोड़ रुपये का समय से पहले भुगतान किया

**नयी दिल्ली :** भारती एयरटेल और उसकी अनुषंगी भारती हेक्साकॉम ने उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारी के लिए दूरसंचार विभाग को समय से पहले 5,985 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया है। दूरसंचार कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एयरटेल की अनुषंगी कंपनी नेटवर्क आई2आई ने भी स्वैच्छिक रूप से एक अरब डॉलर मूल्य की 'स्थायी प्रतिभूतियों' (परपेचुअल बॉन्ड) को भुनाया है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली कंपनी ने कहा, 'भारती एयरटेल और उसकी अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने दूरसंचार विभाग को अतिरिक्त 5,985 करोड़ रुपये का समय से पहले भुगतान किया है। इसके साथ 2024 की नीलामी से संबंधित 8.65 प्रतिशत की उच्च लागत वाली ब्याज देनदारियों का समय से पहले पूरा भुगतान हो गया है।'

### रिजर्व बैंक ने एचडीएफसी बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक पर जुर्माना लगाया

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि उसने एचडीएफसी बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक पर नियमों के अनुपालन में कमी को लेकर जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) पर आरबीआई के कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर एचडीएफसी बैंक पर 75 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एक अन्य बयान में, आरबीआई ने कहा कि पंजाब एंड सिंध बैंक पर 'बैंकों में बड़े साझा जोखिमों के एक केंद्रीय 'रिपॉजिटरी' का निर्माण' और 'वित्तीय समावेश - बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच - बुनियादी बचत बैंक जमा खाता (बीएसबीडीए)' पर कुछ निर्देशों का पालन नही करने पर 68.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने लाभांश की घोषणा से संबंधित आवश्यकताओं का अनुपालन न करने पर केएलएम एक्सिवा फिनवेस्ट पर भी 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4188 अंक 338, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in